

दैनिक

नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक

K ✌ K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-31 अंक-54 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शनिवार 05 अप्रैल 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णाकान्त सक्सेना


## वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे ओवैसी, कांग्रेस सांसद ने दी दायर की याचिका




नई दिल्ली (आरएनएस)। वक्फ संशोधन बिल लोकसभा और राज्यसभा में पास होने के बाद जुमे की नमाज को लेकर पूरे प्रदेश में अलर्ट जारी है। इसी क्रम में यूपी की राजधानी लखनऊ, गाजियाबाद, रायबरेली और संभल में धार्मिक स्थलों के सामने से मार्च निकाला जा रहा है। साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस तैनात है। वहीं, अब लोकसभा और राज्यसभा से पास हुए वक्फ संशोधन बिल को देश की सबसे बड़ी अदालत में चुनौती दी गई है।

हैदराबाद सांसद असदुद्दीन ओवैसी वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रूख किया हैं। औवेसी ने देश की सर्वोच्च अदालत में इस संशोधन बिल के खिलाफ याचिका दायर की है। ओवैसी से पहले बिहार के कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। ऐसे में अभी तक वक्फ बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दो याचिका दाखिल कर दी गई है। राज्यसभा से गुरुवार को बिल पास होने के बाद कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा था कि कांग्रेस हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। तमिलनाडु की DMK ने भी याचिका लगाने की बात कही थी। अब कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने वक्फ बिल के खिलाफ पहली याचिका पेश की है।

याचिका में यह भी कहा गया है कि वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद की संरचना में संशोधन कर उसमें वक्फ प्रशासनिक निकायों में गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करना अनिवार्य किया गया है। ये करना धार्मिक शासन में अनुचित हस्तक्षेप है। इसके विपरीत, हिंदू धार्मिक न्यास विभिन्न राज्य अधिनियमों के तहत विशेष रूप से हिंदुओं द्वारा प्रबंधित किए जाते हैं। जावेद ने अर्जी में कहा है कि यह चयनात्मक हस्तक्षेप, बिना अन्य धार्मिक संस्थानों पर समान शर्तें लगाए बिना किया गया है। लिहाजा ये एकतरफा और मनमाना वर्गीकरण है। ये अनुच्छेद 14 और 15 का सीधा सीधा उल्लंघन है। बता दें कि कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के व्हिप हैं। साथ ही वो वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति के सदस्य थे।

### जान दे देंगे पर संशोधन नहीं मानेंगे', वक्फ बिल के विरोध में सड़कों पर उतरे मुसलमान, अलर्ट जारी

नई दिल्ली (आरएनएस)। संसद के दोनों सदनों से वक्फ संशोधन विधेयक पास होने के बाद एक तरफ जहां राजनीति में माहौल गर्माया हुआ है तो वहीं दूसरी तरफ इस विधेयक के विरोध में मुसलमान सड़कों पर उतर आए है।

भाजपा और उसके सहयोगी दलों ने इसे गरीब मुसलमानों के हित में बताया है, जबकि विपक्षी दलों ने इसे संविधान पर हमला करार दिया है और सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही है। बिल पास होने के बाद देश के कोलकाता, अहमदाबाद सहित कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हो रहा है। कोलकाता के पार्क सर्कस में ज्वाइंट फोरम फॉर वक्फ प्रोटेक्शन के तरफ से विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। सड़कों पर काफी संख्या में मुस्लिम वर्ग के लोग आ गए हैं। प्रदर्शनकारियों के साथ में We Reject Bill का बैनर भी नजर आ रहा है। इसके अलावा अहमदाबाद में भी बिल के विरोध में व्यापक प्रदर्शन हो रहा है। लोग कह रहे हैं कि वह जान दे देंगे लेकिन संशोधन को नहीं मानेंगे।



बैंकॉक में छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान द्विपक्षीय बैठक के दौरान बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

## बजट सत्र 2025 में संसद ने बनाया नया रिकॉर्ड, 17 घंटे से अधिक चली चर्चा : किरेन रिजिजू



नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बजट सत्र 2025 के समापन की जानकारी दी। उन्होंने इस सत्र को बेहद उत्पादक बताते हुए कहा कि संसद ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। रिजिजू ने लोकसभा और राज्यसभा के सभी सदस्यों, अध्यक्षों, स्पीकर और राजनीतिक दलों के नेताओं का आभार जताया, जिनके सहयोग से यह संभव हुआ। रिजिजू ने बताया कि इस सत्र में राज्यसभा ने 17 घंटे और 2 मिनट की लंबी चर्चा के साथ इतिहास रचा। संशोधन विधेयक पर यह चर्चा हुई, जिसने 1981 के 15 घंटे 51 मिनट के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। यह बहस 3 अप्रैल को सुबह 11 बजे शुरू हुई और 4 अप्रैल को तड़के 4¬02 बजे तक चली।

## मणिपुर में तलाशी अभियान, भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारुद बरामद



इंफाल, (आरएनएस)। मणिपुर के दो जिलों में सुरक्षा बलों ने हाल ही में चलाए गए तलाशी अभियान में बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री बरामद की है। यह कार्रवाई कांगपोकपी और इंफाल पूर्वी जिले के अलग-अलग इलाकों में की गई, जहां कथित तौर पर कुकी सशस्त्र समूहों ने बंकर बनाए थे। अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने इन बंकरों को नष्ट कर दिया और अवैध हथियारों का जखीरा जब्त किया। यह जानकारी मणिपुर पुलिस ने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर दी है। कांगपोकपी जिले के एस. मोंगपी रिज क्षेत्र में पहले अभियान में एक 7.62 मिमी एसएलआर मैगजीन, एक .303 राइफल मैगजीन, एक सिंगल बैरल ब्रीच लोडिंग (एसबीबीएल) गन, दो 9 मिमी पिस्तौल मैगजीन, तीन एसबीबीएल गन कार्ट्रिज, तीन .303 गोला-बारूद और एक 38 मिमी एंटी-रायट कार्ट्रिज बरामद किया गया। सके अलावा, संशोधित पोम्पी बम भी मिले, जिनमें एक लंबी दूरी का, पांच मध्यम दूरी के और दो छोटी दूरी के बम शामिल हैं। साथ ही तीन टियर स्मोक शेल और एक बाओफेंग रेडियो सेट भी जब्त किया गया। दूसरी कार्रवाई इंफाल पूर्वी जिले के ट्विचिन और साइबोल गांवों के आसपास हुई। यहां से एक 12 बोर सिंगल बैरल राइफल, कई हैवी बिपॉड माउंटेड पोम्पी गन (60 मिमी, 55 मिमी और 45 मिमी कैलिबर), और विभिन्न कैलिबर के 75 से अधिक पोम्पी बम बरामद किए गए।

## धार्मिक नगरों में पवित्र भाव और परिवारों में स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए लागू की शराबबंदी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

*पीताम्बरा माई सहित देवी माँ की कृपा वाले सभी स्थानों को देवी लोक के रूप में किया जाएगा विकसित*
*प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने जो कहा वो करके दिखाया*

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वसुधैव कुटुंबकम के विचार वाली भारतीय संस्कृति संपूर्ण विश्व को परिवार मानती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में इस सिद्धांत पर चल रही राज्य सरकार सभी के हित और कल्याण के लिए समर्पित है। परिवारों का वातावरण खराब न हो, मेहनत से कमाए गए पैसे का उपयोग परिवार के हित में हो, यह सुनिश्चित करने के लिए ही शराबबंदी लागू की गई है। धार्मिक नगरों में पवित्र भाव की अनुभूति होती है, अत- प्रदेश में विद्यमान 19 देव-स्थानों की गरिमा को बनाए रखने के लिए ही इन स्थानों पर शराबबंदी लागू की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव माँ पीताम्बरा की नगरी दतिया में शराबबंदी लागू करने के लिए आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में जन-प्रतिनिधियों और नागरिकों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का दतिया में शराबबंदी के लिये नागरिक अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दतिया सहित प्रदेश में जहां-जहां देवी मां की कृपा है, वहां देवी लोक विकसित किए जाएंगे। चित्रकूट सहित भगवान श्रीराम से जुड़े प्रदेश के सभी स्थानों का श्रीराम वनपथ गमन मार्ग के अंतर्गत उन्नयन किया जा रहा है। इसी




प्रकार भगवान श्रीकृष्ण की जहां-जहां भी लीलाएं हुईं, उन स्थानों को भी तीर्थ के रूप में विकसित करने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सनातन संस्कृति के मूल भाव सर्वे भवंतु सुखिन: सर्वे संतु निरामय: के अनुरूप राज्य सरकार सबके कल्याण के लिए ही समर्पित भाव से काम कर रही है।

## 13 साल से कम उम्र के बच्चों को न चलाने दें सोशल मीडिया



नई दिल्ली (आरएनएस)। 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर एक याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि यह नीतिगत का मामला है और इसे संसद से कानून बनाने के लिए कहा जा सकता है।

न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा, यह नीतिगत का मामला है। आप संसद से कानून बनाने के लिए कहें। कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए याचिकाकर्ता को संबंधित प्राधिकरण के पास प्रस्तुति देने की स्वतंत्रता दी।कोर्ट ने यह भी कहा कि यदि याचिका में कोई प्रस्तुति दी जाती है तो उसे आठ सप्ताह के भीतर कानून के अनुसार विचार किया जाएगा।यह याचिका जेप फाउंडेशन द्वारा दायर की गई थी, जिसमें केंद्र और अन्य से बच्चों के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों तक पहुंच को नियंत्रित करने के लिए मजबूत आयु सत्यापन प्रणाली, जैसे बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण लागू करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। इसके अलावा, याचिका में यह भी मांग की गई थी कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर बच्चों की सुरक्षा नियमों का पालन न करने पर कड़ी सजा लागू की जाए।



## अभिनेता मनोज कुमार ने दुनिया को कहा अलविदा

मुंबई (ए)। वो दिग्गज अभिनेता जिसने फिल्मों को एक नई दिशा दी। देश प्रेम इतना कि लगभग हर फिल्म में इसकी झलक दिखाई दी। फिल्म क्रांति जब आई तो पूरे देश में छा गई। इसका एक गाना आज भी लोगों की जुबान पर है। जिंदगी की न टूटे लड़ी प्यार करले घड़ी दो घड़ी। ऐसा ही प्यार अपने देश से करते करते अंतत: अभिनेता मनोज कुमार ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। रीदेशप्रेम पर आधारित फिल्में बनाने वाले बॉलीबुड के दिग्गज अभिनेता मनोज कुमार का 87 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्हे भारत कुमार के नाम से भी जाना जाता था। दिग्गज एक्टर के निधन से इंडस्ट्री में शोक की लहर है।मनोज कुमार को 'भारत कुमार'के नाम से भी जाना जाता था। उन्होंने कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में अंतिम सांस ली। मनोज कुमार कई दिनों से बीमार थे और अस्पताल में भर्ती थे। वहीं, शुक्रवार सुबह उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया है।




## पत्रकारों साहित्यकारों ने मनाई राष्ट्रकवि माखनदादा की जयंती

### काव्य गोष्ठी में रचनाकारों ने प्रस्तुत की काव्य रचनाएं वरिष्ठ पत्रकार बलराम शर्मा और प्रफुल्ल तिवारी का हुआ सम्मान

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदांचल पत्रकार संघ के द्वारा पत्रकार प्रशांत दुबे पत्रकार भवन में स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी राष्ट्रकवि माखनलाल चतुर्वेदी की 136 वी जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। विशेष अतिथि के रूप में नगर के वरिष्ठ साहित्यकार शास्त्री नित्यगोपाल कटारे, बाबूलाल कदम, महेश मूलचंदानी, सुभाष यादव व युवा कवि वेदांश बैरागी, मौजूद रहे। अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष आशीष दीक्षित ने की। संघ के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार प्रफुल्ल तिवारी ने कहा कि माखन दादा ने पत्रकारिता के साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रूप में राष्ट्रप्रेम की अलख जगा कर देश में समूचे नर्मदांचल का नाम रोशन किया है। वरिष्ठ पत्रकार बलराम शर्मा ने कहा कि माखन दादा की जन्म स्थली माखन नगर और कर्मस्थली हिरनखेडा के साथ ही खंडवा रही है। उन्होंने साहित्य जगत में एक अलग ही पहचान बनाई। आजादी की लड़ाई में विशेष योगदान देते हुए करीब 12 बार जेल जाना पड़ा। पुष्प की अभिलाषा के माध्यम से आजादी के रणबांकुरों के सम्मान में काव्य रचना लिखी। उन्होंने हिरणखेड़ा गांव में स्वराज भवन में देश को आजादी दिलाने वाले युवाओं




को प्रशिक्षण देने का काम किया था। अध्यक्ष श्री दीक्षित ने कहा कि हमारा जिला अत्यंत सौभाग्यशाली है कि यहां पर अनेक साहित्य सपूतों ने जन्म लिया। माखन दादा ने पत्रकारिता के नए आयाम प्रस्तुत किए थे। दादा के बताए मार्ग पर पत्रकारों को चलना चाहिए। संचालन कर रहे वरिष्ठ पत्रकार संघ के सचिव एआर यादव ने माखन दादा के अनेक संस्मरण और स्वलिखित अनेक काव्य रचनाए प्रस्तुत की।

#### कवियों ने प्रस्तुत की काव्य रचनाएं

कवि गोष्ठी में श्री कटारे, श्री कदम, श्री मूलचंदानी, श्री यादव, व श्री बैरागी ने अपनी उत्कृष्ट काव्य रचनाएं प्रस्तुत की।

#### दो पत्रकारों का सम्मान

दादा की जयंती के अवसर पर अध्यक्ष श्री दीक्षित व संघ की ओर से पूर्व से निर्धारित कार्यक्रमानुसार दो वरिष्ठ पत्रकारों बलराम शर्मा और प्रफुल्ल तिवारी का सम्मान स्मृति चिन्ह व पुष्प माला से किया गया।काव्य गोष्ठी के बाद वरिष्ठ पत्रकार प्रफुल्ल तिवारी की माता जी की चतुर्थ पुण्यतिथि पर संघ के पदाधिकारियों ने श्रद्धांजली अर्पित की।उक्त कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष मनोज सोनी, कमलेश चौधरी, विजय कुंभारे, प्रदीप गुप्ता, रूद्र चौहान, हेमंत राजपूत, श्याम राय, कमल चव्हाण, एनडी दीक्षित, गोविंद चौधरी, गोलू अवस्थी आदि शामिल रहे। संचालन एआर यादव, विजय कुंभारे, और आभार प्रदर्शन प्रदीप गुप्ता ने किया।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वक्फ संशोधन बिल-2025 के बहुमत से पारित होने पर दी बधाई



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वक्फ (संशोधन) बिल-2025' के लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में बहुमत से पारित होने पर देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सभी वर्गों के हितों के प्रति संवेदनशील हैं, इसी का परिणाम है कि वक्फ (संशोधन) बिल-2025 लोकसभा और राज्यसभा में बहुमत से पारित हुआ। यह बिल वक्फ संपत्तियों के कुशल प्रबंधन, पारदर्शिता और सुरक्षा को सुनिश्चित करेगा। साथ ही इस बिल से गरीब मुस्लिम भाई-बहनों के हितों की रक्षा होगी।

प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश में महिलाएं निरंतर सशक्त हो रही हैं। इस दिशा में यह विधेयक मुस्लिम महिलाओं सहित संपूर्ण समाज को और अधिक सशक्त करेगा तथा उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव का मार्ग प्रशस्त होगा।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह बिल निश्चित ही डिजिटलीकरण को बढ़ावा देकर वक्फ संपत्तियों में होने वाली वित्तीय गड़बड़ियों और अवैध कब्जों पर लगाम लगाकर राज्यों के वक्फ बोर्ड के राजस्व में वृद्धि करेगा।

निश्चित रूप से सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के संकल्प को साकार करता यह महत्वपूर्ण कदम नए, सशक्त और विकसित भारत की ओर एक नया मील का पत्थर सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकसभा और राज्यसभा में यह बिल बहुमत से पारित हुआ। लोकतंत्र के मूल भाव के अनुसार दोनों सदनों के सम्मानीय सदस्यों के बीच विचारों का आदान-प्रदान हुआ।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अभूतपूर्व बिल के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री किरन रिजिजू का आभार माना।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुप्रसिद्ध अभिनेता श्री मनोज कुमार के अवसान पर किया शोक व्यक्त

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सुप्रसिद्ध अभिनेता श्री मनोज कुमार के अवसान पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह फिल्म जगत, कला जगत के साथ-साथ देश की भी बड़ी क्षति है। अभिनेता श्री मनोज कुमार ने पूरब पश्चिम और क्रांति जैसी फिल्मों के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत किया। उन्होंने अपनी फिल्मों के द्वारा देश की जड़ों से आमजन को जोड़ने का सार्थक प्रयास किया। उन्होंने न केवल देश के शहीदों का प्रभावशाली चित्रण किया, बल्कि निर्माता, निर्देशक और अभिनेता के रूप में भी सिनेमा में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। देश उनके योगदान को कभी भूल नहीं पाएगा।

## विविध-समाचार

### रायसेन से भोपाल आकर मोबाइल झपटमारी करने वाला धराया

भोपाल (ए.)। राजधानी के मंगलवारा थाना इलाके में महाराष्ट्र के व्यक्ति को मोबाइल चोरी करने वाले संदेही को पुलिस ने रात के समय उस समय दबोच लिया जब वह फोन चोरी कर भाग रहा था। फरियादी उज्जैन से महाकाल के दर्शन कर वापस जाने के लिये ट्रैन पकड़ने भोपाल आया था। पकड़े गये आरोपी के पास से पुलिस ने चोरी के तीन मोबाइल बरामद किये है, जिसके संबध में उससे पूछताछ की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार सागर धनपट पिता रणजी धनपट (32) महाराष्ट्र में रहते है, और एक निजी कंपनी में नौकरी करते है। सागर उज्जैन में महाकाल के दर्शन करने गये थे। वहॉ से 3 अप्रैल की रात वह महाराष्ट्र के लिये ट्रैन पकड़ने के लिये भोपाल पहुंचे थे। अलसुबह करीब 3 बजे वह स्टेशन जाते समय अल्पना तिराहे पर नाश्ता करने के लिये रुके। पैसै देते समय जेब में हाथ डालने पर उन्हें अपना मोबाइल गायब मिला। संदेह होने पर जब उन्होनें आसपास देखा तो एक युवक उन्हें अपनी और देख कर वहॉ से भागने लगा। उसी दौरान पैट्रौलिंग कर रही पुलिस टीम ने संदेह होने पर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास तीन मोबाइल रखे मिले जिनमें एक फरियादी सागर का फोन था। आरोपी की पहचान मूल रुप से रायसेन जिले के गोहरगंज में रहने वाले सुरेश सिलावट पिता जीतमल सिलावट (18) के रुप में हुई है। उसके रिश्तेदार भोपाल में रहते है, जिसके चलते उसका भोपाल आना जाना लगा रहता है। पुलिस ने बताया की उसके खिलाफ पूर्व में भी अपराधिक प्रकरण दर्ज होने की जानकारी सामने आई है, जिसकी जानकारी उसके स्थानीय निवास से संबधित थाने से ली जा रही है। पुलिस आरोपी के पास बरामद मोबाइल के संबध में पूछताछ कर रही है।

### देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुँचाने वाली महान आवाज़ हो गई मौन : उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा

**अभिनेता मनोज कुमार जी के निधन पर व्यक्त किया शोक**

भोपाल (आरएनएस)। प्रसिद्ध अभिनेता, निर्माता और निर्देशक श्री मनोज कुमार के निधन पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने गहन शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि श्री मनोज कुमार का भारतीय सिनेमा में योगदान अविस्मरणीय है। उनकी फिल्मों ने देशवासियों में राष्ट्रप्रेम और सामाजिक चेतना की अलख जगाई। उन्होंने भारतीय मूल्यों, संस्कृति और देशभक्ति को अभिव्यक्त किया, जिसके लिए उनका सदैव स्मरण किया जाएगा।उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि स्व. मनोज कुमार केवल एक अभिनेता नहीं थे, बल्कि भारतीय सिनेमा में राष्ट्रीय चेतना के प्रतीक थे। उनकी फिल्मों ने देश की भावनाओं को सशक्त अभिव्यक्ति दी और समाज को प्रेरित किया। उनका निधन सिनेमा और कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने और उनके परिजन, प्रशंसकों को इस कठिन समय को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### मोबाइल गुम होने पर परिचित से कही थी फोन लगाने की बात

**-इसी को लेकर हुए विवाद में दो लोगों ने युवक को घर में घुसकर चाकू मारा**

भोपाल (ए.)। बैरसिया थाना इलाके में बीती रात हुए आपसी विवाद में दो लोगों ने एक युवक के घर में घुसकर उसके साथ मारपीट करते हुए चाकू से घातक हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिये है। पुलिस के अनुसार मिल्क मोहल्ला बैरसिया में रहने वाला गजराज मोंगिया मेहनत-मजदूरी का काम करता है। वहीं आरोपी संभू भी मजदूरी करता है। दो दिन पहले गजराज का मोबाइल गुम हो गया था। इस पर गजराज ने संभू से कहा कि वह उसके मोबाइल पर फोन लगाए। इस बात पर संभू ने कहा कि वह उस पर शक कर रहा है। इस बात को लेकर दोनों के बीच मामूली कहासुनी मारपीट तक पहुंच गई। उस समय तो आसपास के लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत करा दिया और दोनों अपने-अपने घर चले गए। बाद में आरोपी संभू अपने साथी के साथ मिलकर गजराज के घर पहुंचा। दिन में हुए विवाद को लेकर उसके साथ गाली-गलौच करते हुए दोनों ने मिलकर गजराज के साथ पहले तो जमकर मारपीट की। मारपीट के दौरान ही आरोपियो ने उस पर चाकू से घातक हमला कर फरार हो गए। परिजन घायल को इलाज के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसे भर्ती कर उपचार किया जा रहा है, उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयानों दर्ज करते हुए उसके आधार पर दोनो आरोपियो के खिलाफ मामला कायम कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

### महिला ने मैनेजर से लिफ्ट मांगी, युवको ने अनगर्ल आरोप लगाकर मारपीट कर मोबाइल छीना

**-चार आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज, तीन गिरफ्तार**

भोपाल (ए.)। शहर के गौतम नगर थाना इलाके में एक महिला को लिफ्ट देकर अपने साथ लेकर जा रहे रेस्टोरेंट मैनेजर के साथ चार युवको द्वारा मारपीट कर मोबाइल छीनने का मामला सामने आया है। बताया गया है, कि फरियादी रात के समय घर जा रहा था, रास्ते में सड़क किनारे उसे महिला मिली। महिला ने उसे थोड़ी दूर तक छोड़ने के लिये लिफ्ट मांगी। मैनेजर जब उसे लिफ्ट देते हुए अपने साथ लेकर जा रहा था, उसी दौरान बाइक सवार युवकों ने उसका वीडियो बनाया और बाद में अनर्गल आरोप लगाते हुए रोक लिया। उसके रुकने पर युवकों ने उसके साथ मारपीट करते हुए मोबाइल फोन छीन लिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया वहीं उनका एक साथी फरार बताया जा रहा है। थाना पुलिस के अनुसार करोंद इलाके में रहने वाला 21 वर्षीय विजय सिंह क्षेत्र में ही एक रेस्टोरेंट में मैनेजर की नौकरी करता है। बीती रात करीब साढ़े 11 बजे वह रेस्टोरेंट बंद होने के बाद बाइक से वापस घर जाने के लिए निकला। रेस्टोरेंट से थोड़ी दूर पहुंचने पर ही उसे सड़क किनारे खड़ी एक महिला ने विजय को इशारा कर रोका। उसके रुकने पर महिला ने कहा की उसे एक व्यक्ति से अपनी उधारी की रकम लेनी थी, उसी ने उसे पैसे वापस देने के लिये यहॉ बुलाया था। वह उसकी बताई जगह पर आ गई लेकिन वह व्यक्ति नहीं आया और उसने अपना मोबाइल भी बंद कर लिया है। इसके बाद महिला ने विजय से मदद मांगते हुए कहा कि वह उसे उसके रास्ते में ही आगे तक छोड़ दें वह वहॉ से अपने घर चली जायेगी। महिला की मदद के इरादे से विजय ने उसे अपनी बाइक पर बैठा लिया और आगे की और चल दिया। इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों ने विजय सिंह का पीछा करते हुए उसका महिला के साथ बैठै हुए वीडियो बना लिया। विजय और महिला जैसे ही डीआईजी बंगला चौराहे के पास पहुंचे वैसे ही बाइक सवार युवकों ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद आरोपी युवक महिला और उसके संबंध को लेकर अनर्गल आरोप लगाते हुए कहने लगे की वह गलत नीयत से दूसरे समुदाय की महिला को अपने साथ लेकर जा रहा है। विजय और महिला दोनों ने युवको से अपने किसी भी तरह का संबंध न होने की बात कहते हुए उन्हें समझाइश देने का प्रयास किया। लेकिन दो बाइकों पर सवार युवको ने विवाद करते हुए विजय के साथ मारपीट कर दी और इसी दौरान मोबाइल फोन भी छीन लिया। झगड़े की सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत ही मौके पर पहुंची लेकिन तब तक बाइक सवार युवक मौके से भाग चुके थे। बाद में अजय सिंह की शिकायत पर मारपीट और झपटकारी की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस ने देर रात घेराबंदी करते हुए तीन युवकों को हिरासत में ले लिया है, वहीं एक युवक की तलाश की जा रही है।

**देवी शक्ति की भक्ति में डूबा भोपाल**

## 521 मीटर लंबी चुनरी यात्रा ने बिखेरी आस्था की अलौकिक छटा

भोपाल (आरएनएस)। चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर जय माँ भवानी सेवा समिति, भोपाल द्वारा 9वें वर्ष लगातार 521 मीटर लंबी विशाल चुनरी यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। प्रवक्ता राजेश राय ने बताया कि चुनरी यात्रा के दौरान पूरा शहर देवी शक्ति की भक्ति में डूबा नजर आया। जयकारों की गूंज, भक्ति संगीत की धुन, और श्रद्धालुओं की अपार भीड़ ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। एलएनसीटी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के सचिव डॉ. अनुपम चौकसे ने कन्याओं के दूध से पैर पूजन, अक्षत, फूल और कुंकुम अर्पण कर यात्रा की शुरुआत कराई। उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ माँ भवानी के जयकारे लगाते हुए यात्रा को मंगलमय होने का आशीर्वाद दिया। समिति के अध्यक्ष कौशल राय ने बताया कि इस वर्ष यात्रा पहले से भी अधिक भव्य और दिव्य रही। भक्ति और श्रद्धा से ओत-प्रोत यह विशाल चुनरी यात्रा श्याम नगर मस्जिद, राजीव गांधी चौराहा, हबीबगंज थाना, इंदिरा मार्केट, श्री श्याम पीपल तपोभूमी धाम, रविशंकर नगर बोर्ड कालोनी, चार इमली, ऋषि नगर, कलचुरी भवन, एकांत पार्क, दुर्गा नगर, कोलार कॉलोनी, चूना भट्टी होते हुए श्री माँ कालका बिजासन देवी दरबार पहुँची। यहाँ माँ कालिका की विधिवत पूजा-अर्चना कर विशाल चुनरी अर्पित की गई और प्रदेश की समृद्धि व सुख-शांति की प्रार्थना की गई।यात्रा में शक्ति स्वरूप देवी का रूप धारण कर कन्याएँ रथ पर सवार थीं। इन कन्याओं का मार्गभर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने इन देवी स्वरूप कन्याओं की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। वहीं, भक्ति संगीत, ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर भक्त झूमते नजर आए।

## दरवेश बर्तन भंडार पर खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई

**इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र में गड़बड़ी कर ग्राहकों को लगा रहा था चूना**

भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के निर्देश पर राजधानी भोपाल में उपभोक्ताओं के अधिकारों की अनदेखी करने और तौल यंत्र में गड़बड़ी करने वाले व्यापारियों के खिलाफसख्त कार्रवाई जारी है। इसी तारतम्य में दरवेश बर्तन भंडार, रोशनपुरा नाका में भारी अनियमितताओं का खुलासा हुआ है, जहां ग्राहकों से ठगी की जा रही थी। खाद्य एवं नाप-तौल विभाग की टीम ने मौके पर निरीक्षण कर संस्थान के स्वामी अशोक कुमार तेजवानी के खिलाफमामला दर्ज किया और इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र को ज़ब्त कर लिया। शिकायतों के आधार पर जब खाद्य विभाग की टीम ने निरीक्षण किया, तो पाया गया कि ग्राहकों को सामान पन्नी और कागज की पैकिंग सहित तौला जा रहा था। यह सीधे तौर पर ग्राहकों को आर्थिक नुकसान पहुंचाने और उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन का मामला था। इतना ही नहीं, इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र का समय पर सत्यापन भी नहीं कराया गया था, जो कि विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009 के तहत अनिवार्य है।

नियमों के अनुसार, किसी भी इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र को प्रत्येक वर्ष निर्धारित समय पर पुनः सत्यापित कराना अनिवार्य होता है। दरवेश बर्तन भंडार के तौल यंत्र का सत्यापन प्रथम तिमाही./2024 में हुआ था, जिसे प्रथम तिमाही 2025 में पुनः सत्यापित कराया जाना था, लेकिन दुकानदार ने ऐसा नहीं किया। यह विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009 की धारा 24/33 का स्पष्ट उल्लंघन है।

इस गड़बड़ी को देखते हुए खाद्य विभाग की टीम ने इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र को ज़ब्त कर लिया और संस्थान के मालिक अशोक कुमार तेजवानी के खिलाफअपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर वरिष्ठ कार्यालय को भेजने की तैयारी कर ली है। इस कार्रवाई में नाप-तौल निरीक्षक गोविन्द प्रसाद रैकवार एवं सहायक विकास चव्हाण शामिल थे। यह कार्रवाई भोपाल के व्यापारियों के लिए एक कड़ा संदेश है कि उपभोक्ता अधिकारों से खिलवाड़ करने पर कानूनी कार्रवाई से कोई नहीं बच सकता।

**प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अवनीश बुंदेला की पत्रकार वार्ता**

## भले ही सरकार सरल नामांतरण सुविधा की ढींगे हांकती हो,लेकिन नामांतरण कराने बार-बार काटने पड़ते हैं तहसील दफ्तर के चक्कर : अवनीश बुंदेला



भोपाल, (निप्र)। इस सच्चाई को नकारा नहीं जा सकता कि जो व्यक्ति अपनी मेहनत-खून पसीने की कमाई से अपने जीवन काल में अपने और अपने परिवार के लिए आसियाना बनाता है, इसको खरीदने में अपना पेट काटकर अपने जीवन की एक आमदनी का बडा हिस्सा उसमें खर्च करता है। उसकी वह अचल संपत्ति में भूमि एक ऐसी वस्तु है की जो भी व्यक्ति इसको खरीदता है उसे भूमि को सहेज के रखता है। लेकिन वर्तमान में मध्य प्रदेश में परिस्थितियां कुछ ऐसी बनी हुई हैं कि संपत्ति ख़रीदने पर लगभग 10.50 प्रतिशत पंजीयन शुल्क सरकार को देने के बावजूद भी उस व्यक्ति को नगर निगम विभाग के द्वारा जिसमें नाली, सडक, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सरकारी सुविधाओं को लाभ उसे आसानी से नहीं मिल पाता, उस सुविधा से उसे वंचित रहना पडता है। जिसका एक सबसे बडा कारण है मध्य प्रदेश में 2022 के बाद संपत्तियों की नामांतरण उचित ढंग से नहीं हो पा रहे है। मध्य प्रदेश में संपत्तियां चाहे वह खेती की जमीन हो, रहवासी जमीन हो, मकान हो या प्लाट हो, आज की तारीख में नामांतरण प्रक्रिया एक बहुत जटिल समस्या बन गई है। आम आदमी, किसानों, मध्यमवर्गीय लोगों के लिए अपनी संपत्ति का नामांतरण कराना शिखर पर चढने के समान हो गया है।यदि अपनी पहुंच रखने वाला व्यक्ति संबंधित राजस्व निरीक्षक, पटवारी, तहसीलदार से मेल मुलाकात कर सेवा शुल्क दे देता है तो भी लगभग 2 महीने चक्कर काटने के बाद संभवत: नामांतरण हो जाता है। लेकिन आम और गरीब आदमी के लिए नामांतरण कराना इतना आसान नहीं होता है।यह संज्ञान में लाना बहुत आवश्यक है कि जब एक गरीब व्यक्ति नियम अनुसार नामांतरण करवाने के लिए तहसील और नजूल विभाग जाता है जबकि उसके पास उसकी संपत्ति के समस्त दस्तावेज होते हैं और वह सारे दस्तावेज पहले से ही रिकार्ड में दर्ज भी होते हैं तब भी उससे पहले तो का जमा करवाए जाते हैं। तहसीलदार, पटवारी के चक्कर काटने के बाद पुराने रिकार्ड में भी कमी बताकर नामांतरण आवेदन को नियमों के हिसाब से निरस्त कर दिया जाता है। जबकि रिश्वत देने पर यह सारे नियम ताक पर रखकर तत्काल प्रभाव से नामांतरण कर दिया जाता है। यदि राजस्व में तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी के पास रिकॉर्ड अनुसार जानकारी आवेदक से मांगी जाए, जबकि पंजीयक शुल्क वह व्यक्ति पहले ही दे चुका होता है और अगर इस विषय का अध्ययन कर ढंग से जांच किया जाए तो शायद प्रदेश का यह एक बहुत बडा भ्रष्टाचार साबित होगा।

## बीड़ी पीने दुकान पर गया किसान, बदमाश गाड़ी पर टंगा 2 लाख से भरा बैग लेकर भाग गया

**-सीसीटीवी में कैद हुआ बदमाश, फुटेज के आधार पर तलाश जारी**

भोपाल(ए. )। देहात क्षेत्र के बैरसिया थाना इलाके में दिनदहाड़े एक बदमाश किसान की गाड़ी पर टंगा दो लाख की नगदी से भरा थैला लेकर चंपत हो गया। बदमाश की करतूत एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है पुलिस फुटेज के आधार पर उसकी तलाश कर रही है। थाना पुलिस के अनुसार फरियादी मोहर सिंह राजपूत पेशे से खेती किसानी करते हैं। बीती दोपहर जरुरत होने पर उन्होंने बैंक जाकर दो लाख की रकम निकाली थी, पैसै को थैले में रख कर उस थैले को अपनी गाडी पर टांग लिया और एक दुकान पर बीडी पीने के लिए चले गए थे। कुछ देर बाद जब वह वापस गाड़ी के पास आये तो देखा कि उस पर टंगा नगदी से भरा थैला गायब था। आसपास के लोगों से पूछताछ करने भी कोई जानकारी नहीं लगी। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस टीम ने पास की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किये तो उसमें सामने आया की अज्ञात बदमाश ने थैला चोरी किया है। बाद में फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। सूत्रो के अनुसार टीम को आरोपी का सुराग मिल गया है, जिसे जल्द ही गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

## सातवां पोषण पखवाड़ा 8 से 22 अप्रैल तक



भोपाल (ए.)। प्रदेश में व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से कुपोषण को कम करने के लिए पोषण अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष पोषण अभियान के तहत पोषण को जन आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से पोषण पखवाड़ा मनाया जाता है। इस पर सातवां पोषण पखवाड़ा 8 से 22 अप्रैल तक मनाया जाएगा। केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्रालय द्वारा जीवन के प्रथम 1000 दिवस पोषण ट्रैकर में लाभार्थी मॉड्यूल को लोकप्रिय बनाने व्यापक प्रचार-प्रसार, समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंध तथा बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली को अपने पर बाल जैसे थीम पर केंद्रित विभिन्न गतिविधियों को आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

पोषण पखवाड़ा के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र सेक्टर, परियोजना एवं जिला स्तर की गतिविधियों में स्थानीय पोषण संसाधनों की को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण, सामुदायिक जागरूकता और पोषण संवेदनशील कार्यक्रम जैसे आयोजन किए जाएंगे। आंगनबाड़ी केंद्रों में दैनिक गतिविधियों की तिथिवार थीम आधारित कैलेंडर तैयार किया गया है। सभी जिलों में पखवाड़ा के दौरान साइकिल रैली, पोषण रैली, प्रभात फेरी, गर्भवती महिलाओं और धात्री माता एवं किशोरी बालिकाओं के साथ पोषण ट्रैकर में हितग्राही मॉडल पर समूह चर्चा, कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य जांच, एनीमिया जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा।पोषण पखवाड़ा के दौरान लोक स्वस्थ एवं परिवार कल्याण, आयुष, शिक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण, शहरी विकास सहयोग से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।आयुक्त महिला बाल विकास श्रीमती सूफिया फारूकी वली ने सभी जिला कलेक्टरों को निर्देशित किया है कि पोषण पखवाड़ा के दौरान जिले में प्रत्येक स्तर पर इसका प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि 8 अप्रैल को पोषण पखवाडा का शुभारंभ स्थानीय प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाये।

## 30 वर्षो से हमीदिया अस्पताल में निशुल्क सेवा प्रदान करता प्रेरणा सेवा ट्रस्ट

**डॉक्टर विजय वर्मा एवं डॉक्टर जीवन लाल मीणा को ट्रस्ट द्वारा संक्षिप्त कार्यक्रम में सम्मानित किया गया**



भोपाल (निप्र)। भोपाल शहर के हमीदिया अस्पताल परिसर में स्थित, निर्धन एवं रोगियों की सेवा में पिछले 30 वर्ष के कार्यरत प्रेरणा सेवा ट्रस्ट, मरीजों एवं उनके तीमारदारों को कई तरह की सहायता प्रदान करता है। जिसमें दोनों वक्त का भोजन ,चाय -नाश्ता ,कपड़े ,दवाइयां जांचें ,व्हीलचेयर, वॉकर ,कंबल इत्यादि बांटे जाते हैं। इसके अतिरिक्त मरीजों हेतु दलिया, खिचड़ी एवं दूध गर्म करने ,ठंडे एवं गर्म पानी की व्यवस्था है। अस्पताल से छुट्टी होने पर मरीजों एवं शव को घर छोड़ने हेतु एंबुलेंस उपलब्ध है । हमीदिया प्रशासन से समय-समय पर मांग की जाने पर व्हीलचेयर, स्ट्रेचर ,सर्जिकल स्टील ड्रम, कूलर इत्यादि प्रदाय किए जाते रहे हैं। इस वर्ष कूलर प्रदाय करने हेतु हमीदिया अस्पताल के सहायक अधीक्षक द्वय डॉक्टर विजय वर्मा एवं डॉक्टर जीवन लाल मीणा को ट्रस्ट द्वारा संक्षिप्त कार्यक्रम में सम्मानित किया गया एवं कूलर प्रदान किए गए । सहायक अधीक्षक द्वय ने ट्रस्ट परिसर का अवलोकन किया एवं ट्रस्ट द्वारा प्रदान की जा रही सभी प्रकार की सेवाओं इत्यादि के बारे में जानकारी ली। ट्रस्ट ने अधीक्षक द्वय को अवगत कराया की हमीदिया प्रशासन की अनुशंसा पर मरीजों को व्हीलचेयर, मेडिकल, जांचें ,दवाइयां आदि उपलब्ध कराई जाती है। जिन मरीजों का कोई तीमारदार नहीं होने की सूचना मिलने पर, ट्रस्ट द्वारा देख-रेख की जावेगी। इस अवसर पर ट्रस्ट की संरक्षक श्रीमती प्रकाश कौर खनूजा, अध्यक्ष श्रीमती रश्मि बाबा, कोषाध्यक्ष विजय कुमार जैन, शिवमंगल सिंह (पूर्व न्यायाधीश) प्रमोद चुग, श्याम शरण अग्रवाल, श्रीमती सुषमा अग्रवाल, के एल गोदानी, विनोद जैन और श्री विजय कुमार जुनेजा सहित सभी सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट के सदस्य शिव मोहन माथुर द्वारा किया गया।

### सड़क किनारे बेसूध मिले व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

भोपाल(ए.)। खजूरी सड़क थाना इलाके में सड़क किनारे मिले बेसूध व्यक्ति की इलाज के दौरान हॉस्पिटल में मौत हो गई। थाना पुलिस ने बताया कि 3-4 अप्रैल की रात सूचना मिलने पर पुलिस इलाके में स्थित रासलाखेड़ी पहुंची थी, वहां सड़क किनारे एक युवक पड़ा मिला था। उसकी सांसे चल रही थी, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण वह बातचीत करने में असमर्थ था। उसे इलाज के लिये एंबुलेंस की मदद से हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। करीब 24 घंटे चले इलाज के बाद बीती रात करीब 10 बजे उसकी मौत हो गई।

# धार्मिक नगरों में पवित्र भाव और परिवारों में स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए लागू की शराबबंदी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## पीताम्बरा माई सहित देवी माँ की कृपा वाले सभी स्थानों को देवी लोक के रूप में किया जाएगा विकसित

ग्वालियर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 'वसुधैव कुटुंबकम' के विचार वाली भारतीय संस्कृति संपूर्ण विश्व को परिवार मानती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में इस सिद्धांत पर चल रही राज्य सरकार सभी के हित और कल्याण के लिए समर्पित है। परिवारों का वातावरण खराब न हो, मेहनत से कमाए गए पैसे का उपयोग परिवार के हित में हो, यह सुनिश्चित करने के लिए ही शराबबंदी लागू की गई है। धार्मिक नगरों में पवित्र भाव की अनुभूति होती है, अत: प्रदेश में विद्यमान 19 देव-स्थानों की गरिमा को बनाए रखने के लिए ही इन स्थानों पर शराबबंदी लागू की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव माँ पीताम्बरा की नगरी दतिया में शराबबंदी लागू करने के लिए आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में जन-प्रतिनिधियों और नागरिकों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का दतिया में शराबबंदी के लिये नागरिक अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दतिया सहित प्रदेश में जहां-जहां देवी मां की कृपा है, वहां देवी लोक विकसित किए जाएंगे। चित्रकूट सहित भगवान श्रीराम से जुड़े प्रदेश के




सभी स्थानों का श्रीराम वनपथ गमन मार्ग के अंतर्गत उन्नयन किया जा रहा है। इसी प्रकार भगवान श्रीकृष्ण की जहां-जहां भी लीलाएं हुईं, उन स्थानों को भी तीर्थ के रूप में विकसित करने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सनातन संस्कृति के मूल भाव "सर्वे भवंतु सुखिन: सर्वे संतु निरामय" के अनुरूप राज्य सरकार सबके कल्याण के लिए ही समर्पित भाव से काम कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है। राज्य सरकार के लिए कृषकों का हित सर्वोपरि है, किसानों को उनकी मेहनत और उपज का सही दाम मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए ही 2600 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर गेहूं खरीदा जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रदेश के लिए 'केन-बेतवा' लिंक परियोजना और 'चंबल-काली सिंध-पार्वती' नदी जोडों परियोजना जैसी सौगात प्रदेश को दी है। साथ ही ताप्ती मेगा रिचार्ज परियोजना को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों से जमीन नहीं बेचने का आहवान करते हुए कहा कि इन नदी जोड़ो परियोजनाओं से दतिया भी लाभान्वित होगा और किसान परिवारों का खुशहाल जीवन सुनिश्चित है। डबल इंजन की सरकार में जनता का हित सर्वोपरि है, प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने जो कहा वह करके दिखाया है।

## प्रतिबंधित कफसिरप के साथ पकड़ी गई मोनालिसा

रीवा (आरएनएस)। 80 शीशी प्रतिबंधित कफसिरप के साथ मनगवां निवासी मोनालिसा को गिरफ्तार किया गया है। युवती बीते कई वर्षों से इस कारोबार में थी। जो अपनी नाबालिग बहनों को भी इस नशे के कारोबार में धकेल दिया था। पकड़े जाने पर उसने पुलिस को भी अपना परिचय मोनालिसा के रूप में दिया है।

पुलिस के मुताबिक मोनालिसा के परिवार के कई अन्य सदस्य भी प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप की तस्करी में शामिल हैं। जिनके खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जा चुकी है।

मामले के संबंध में जानकारी देते हुए एडिशनल एसपी विवेक लाल ने बताया कि मनगवां थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवती को हिरासत में लिया है जो अपनी नाबालिग बहनों के माध्यम से प्रतिबंधित नशीली कफसिरप की होम डिलीवरी करवाती थी। पुलिस गिरफ्तार की गई युवती से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप उस तक कौन पहुंचाता था। एडिशनल एसपी विवेक लाल ने बताया कि रीवा जोन में नवागत पुलिस महानिरीक्षक ने पदभार ग्रहण करते ही नशे की तस्करी करने वाले सौदागरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। जिसमें बड़े तस्करों के साथ-साथ फुटकर रूप से नशे के विक्रेता शामिल हैं। इसी को देखते हुए कार्रवाई लगातार जारी है। युवती लंबे समय से खुद को मोनालिसा के नाम से प्रजेंट कर रही थी।

## दिल दहला देने वाली घटना:

### कैंची से वार कर पहले पत्नी की बेरहमी से की हत्या, फिर तीसरी मंजिल से कूदकर पति ने भी कर लिया सुसाइड

इंदौर (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के इंदौर से हत्या और फिर सुसाइड का दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक 70 वर्षीय बुजुर्ग ने पहले अपनी पत्नी की हत्या की, फिर तीसरी मंजिल से छलांग लगाकर खुद भी सुसाइड कर लिया। वारदात के बाद इलाके में सनसनी फ़ैल गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**कैंची से वार कर पति को उतार दिया मौत के घाट**

जानकारी के मुताबिक घटना अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र की सिल्वर पैलेस की है। जहां 65 वर्षीय सीमा खन्नी की उन्ही के पति 70 वर्षीय ताराचंद खन्नी ने कैची से कई वार कर मौत के घाट उतार दिया। हैरानी वाली बात तो यह है कि हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पति खुद भी तीन मंजिला मकान की छत से कूद गया। घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई।

## मां को फोन कर कहा- मैं किडनैप हो गया हूं जमा करनी थी किस्त; बनाई अपहरण की हैरान कर देने वाली कहानी

रीवां (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के रीवा में एक युवक ने अपनी ही किडनैपिंग की साजिश रची. उसने अपनी फोटो खींची और अपनी मां को भेज दी. इसके बाद उसने मां को फोन किया और कहा कि मैं किडनैप हो गया हूं. साथ ही 2 लाख रुपये की फिरौती की मांग की. हालांकि पुलिस ने मामले का खुलासा कर दिया, जिसके बाद उसने पूछताछ में बताया कि उसे बाइक की किस्त जमा करने और जेब खर्च के लिए पैसे चाहिए थे. इसलिए उसने किडनैपिंग का प्लान बनाया. मध्य प्रदेश के रीवा से एक युवक के अपनी ही किडनैपिंग की साजिश रचने का मामला सामने आया है. युवक ने बाइक की किस्त जमा करने और जेब खर्च के लिए पैसों का जुगाड़ करने के लिए अपने ही अपहरण की साजिश रच डाली. युवक ने अपने अपहरण की फोटो परिजनों को भेजकर 2 लाख की फिरौती मांगी. पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया, जिसके बाद पूछताछ में इस फर्जी अपहरण की साजिश का खुलासा हुआ. दरअसल यह पूरा मामला रीवा जिले के सामान थाना क्षेत्र का है. शहर के जीउला में रहने वाली महिला ने 29 मार्च को अपने बेटे अमन विश्वकर्मा के अपहरण की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई थी. महिला ने पुलिस को बताया की उनका बेटा घर से इलाज के लिए निकला था, लेकिन वो घर नहीं पहुंचा. उसके बेटे की कुछ फोटो उनके मोबाइल पर भेजी गई थीं, जिसमें उनका बेटा बंधक बना हुआ था. पुलिस ने जब मां बेटे के बीच की बातचीत का ऑडियो सुना तो पुलिस को मामले में शक हुआ, जिसके बाद पुलिस लापता युवक की तलाश में जुट गई.

### युवक को पैसों की थी जरूरत

इसी बीच युवक एक अप्रैल को ही सामान थाना क्षेत्र में बदराव तालाब के पास घूमता नजर आया, जो पुलिस को देखते ही भाग खड़ा हुआ. इसके बाद पुलिस ने युवक को घेराबंदी कर पकड़ लिया. युवक को पकड़कर उससे पूछताछ की गई तो सारा सच सामने आ गया. ये अपहरण पूरी तरह से फर्जी निकला. पुलिस से पूछताछ में उसने बताया की उसे बाइक की किस्त जमा करनी थी और जेब खर्च के लिए पैसों की जरूरत थी.

### मां से मांगी 2 लाख की फिरौती

युवक ने अपने जेब खर्च और बाइक की किस्त जमा करने के लिए अपहरण की झूठी साजिश रच डाली. युवक शहर से अपने गांव सोहागी के ददरी चला गया, जहां उसने जंगल में खुद के फर्जी अपहरण की फोटो खींची और अपनी मां को भेज दी. इसके बाद उसने अपनी मां के पास फोन किया और अपने अपहरण की बात कही. उसने मां से दो लाख रुपए की फिरौती की रकम मांगी. पुलिस ने आरोपी के पास से वारदात में इस्तेमाल हथियार भी बरामद कर लिया है.

## गुना में अनैतिक देह व्यापार का भंडाफोड़: पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चार गिरफ्तार

गुना (आरएनएस)। नैतिकता वाले गुना शहर में अनैतिकता की होड़, 27 यूज़ पेंटी और ढेरों कंडोम बताते हैं काफ़ी फल फूल रहा था अनैतिक जिस्म व्यापार गुना में कोतवाली टीआई ब्रजमोहन सिंह भदौरिया और उनकी टीम की जिस्म व्यापार पर बड़ी कार्रवाई, टीम को बधाई। इम्मोरल ट्रैफिक प्रिवेंशन एक्ट की जद में आ सकता है भवन स्वामी, बड़ा सख्त है क़ानून, जेल गए चार आरोपी।

## एलआईसी कार्यालय में लगी आग

मऊगंज (आरएनएस)। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) कार्यालय में आग लग गई। यह घटना 2 और 3 अप्रैल की दरमियानी रात करीब 2 बजे की है। आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।चाक मोड़ के पास स्थित कार्यालय से धुआं निकलने पर आसपास के लोगों की नींद खुली। स्थानीय निवासियों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल कर्मियों को कार्यालय का ताला तोड़कर अंदर जाना पड़ा।दमकल कर्मियों ने देखा कि आग कैश काउंटर और लॉकर की तरफ बढ़ रही थी। उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। इस घटना में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर राख हो गए।

एलआईसी के कर्मचारी अगली सुबह 9 बजे कार्यालय पहुंचे। वे नुकसान का आकलन कर रहे हैं। इस हादसे में किसी की जान को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। हालांकि, महत्वपूर्ण दस्तावेजों के जलने से कार्यालय को परेशानी हो सकती है।

प्रशासन ने मामले की विस्तृत जांच के आदेश दे दिए हैं। अधिकारी घटना की जांच में जुटे हैं।

## थ्रेसर से कटकर युवक की मौत

शिवपुरी(आरएनएस)। श्रीपुर चक में एक हादसे में 22 वर्षीय युवक की थ्रेसर मशीन में फंसने से मौत हो गई। घटना बुधवार रात की है। मृतक की पहचान देवेन्द्र केवट के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने बदरवास तहसील के बाहर एनएच-46 पर सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक चक्का जाम कर दिया। दरअसल, घटना के बाद चालक विनोद केवट मौके से फरार हो गया। उनकी मांग है कि चालक पर हत्या का मामला दर्ज किया जाए। देवेन्द्र घनश्याम परिहार के खेत पर गेहूं की फसल निकालने के लिए थ्रेसर मशीन पर मजदूरी कर रहा था। रात करीब 4 बजे ट्रैक्टर-थ्रेसर चालक विनोद केवट ने ट्रैक्टर को आगे-पीछे किया। इस दौरान झटका लगने से देवेन्द्र थ्रेसर में फंस गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत चालक को आवाज दी। चालक ने मशीन बंद की, लेकिन तब तक देवेन्द्र की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने समझाइश देकर जाम खुलवाया। परिजन दिनभर बदरवास थाने पर डटे रहे। गुरुवार शाम को थाना बदरवास पुलिस ने विनोद केवट के खिलाफ अपराध क्रमांक 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## टोकनपुर में जेसीबी विवाद में फायरिंग

शिवपुरी (आरएनएस)। जिले के करैरा थाना क्षेत्र के ग्राम टोकनपुर में जेसीबी मशीन को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच हुए संघर्ष में एक युवक को गोली लगी और दो अन्य घायल हो गए। घटना में अंकित सोलंकी को गोली लगी है। उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। उनके भाई अभिषेक और अजब सिंह को भी चोट आई हैं। हमलावरों ने पीड़ितों की स्कॉर्पियो और शिफ्ट कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित अंकित सोलंकी ने बताया कि उनकी जेसीबी मशीन इमलिया हार में काम कर रही थी। अर्जुन सोलंकी और राजा सोलंकी ने फोन कर मशीन बंद करने की धमकी दी। 2 अप्रैल की रात अर्जुन ने मिलने के लिए बुलाया। अंकित अपने दोनों भाइयों के साथ मौके पर पहुंचे। वहां पहले से मौजूद अर्जुन, नरोत्तम, रविंद्र और राजा सोलंकी ने लोहे के हथियारों और लाठियों से हमला कर दिया।

# व्यापार समाचार

## रुपये में तेजी जारी, डॉलर के मुकाबले 3 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंचा

नई दिल्ली (आरएनएस)। डॉलर के मुकाबले रुपये में तेजी का दौर जारी है। शुक्रवार को यह 85 के नीचे पहुंच गया, जो कि अमेरिकी मुद्रा के खिलाफ तीन महीने का सबसे उच्चतम स्तर है। कारोबारी सत्र की शुरुआत में डॉलर के मुकाबले रुपया 85.04 पर खुला और शुरुआती कारोबार में ही यह 84.99 पर पहुंच गया है, जो पिछले सत्र में डॉलर के मुकाबले रुपया की क्लोजिंग 85.44 से 40 पैसे अधिक है। डॉलर के मुकाबले रुपये में तेजी की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ से डॉलर के कमजोर होने और कच्चे तेल में गिरावट को माना जा रहा है।ट्रंप द्वारा टैरिफ के ऐलान के बाद से दुनिया के छह बड़े देशों की मुद्रा के खिलाफ अमेरिकी मुद्रा की मजबूती दर्शाने वाले डॉलर इंडेक्स में बड़ी गिरावट देखी गई है। यह कमजोर होकर 101.69 के करीब आ गया है। टैरिफ ऐलान के समय गुरुवार को डॉलर 104 के आसपास था।जानकारों का कहना है कि राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ उम्मीद से ज्यादा हैं, जिसके कारण अमेरिकी अर्थव्यवस्था के मंदी में जाने का खतरा है और इस कारण डॉलर में कमजोरी देखी जा रही है।डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती की एक वजह कच्चे तेल में बड़ी गिरावट होना है। ब्रेंट क्रूड 69.64 डॉलर प्रति बैरल के करीब बना हुआ है। भारत अपनी जरूरत का 80 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल आयात करता है, ऐसे में जब भी कच्चे तेल की कीमत में गिरावट आती है तो देश को बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा बचत करने में मदद मिलती है और इससे रुपये को सहारा मिलता है। एलकेपी सिक्योरिटी में वीपी रिसर्च एनालिस्ट (कमोडिटी और करेंसी), जतिन त्रिवेदी ने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये में तेज रिकवरी देखने को मिली है। वैश्विक संकेतों और एफआईआई फ्लो के कारण डॉलर के मुकाबले रुपया 85 से 85.90 के बीच में रह सकता है।

## ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने एआई को लेकर 'भारत' की तारीफों के पुल बांधे

नई दिल्ली (आरएनएस)। ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने हाल ही में भारत की तारीफ करते हुए कहा कि क्रिएटिविटी और एआई अपनाने के मामले में भारत दुनिया से आगे निकल रहा है।

उनकी टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कंपनी के लेटेस्ट 4ओ इमेज जेनरेशन टूल की मांग तेजी से बढ़ रही है, जो स्टूडियो घिबली-स्टाइल के एनिमेशन बनाता है।इस फीचर को पिछले सप्ताह चैटजीपीटी के लिए प्रोडक्ट अपडेट के तहत लाया गया है। ओपनएआई के सीईओ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत में एआई अपनाने को लेकर जो हो रहा है, वह देखना आश्चर्यजनक है।उन्होंने कहा, हमें क्रिएटिविटी का एक्सप्लोजन देखना बेहद पसंद है और भारत दुनिया से आगे निकल रहा है। भारत के एआई को लेकर इस उत्साह की तारीफ करने के साथ ही ऑल्टमैन ने खुद का एक क्रिकेट थीम- बेस्ड पोर्ट्रेट इंडियन क्रिकेट प्लेयर के रूप में पेश किया, जिसे एआई ने जनरेट किया था।इस पोर्ट्रेट के लिए उन्होंने प्रॉम्प्ट भी शेयर किया, पोर्ट्रेट के लिए ऑल्टमैन का प्रॉम्प्ट 'सैम ऑल्टमैन एज अ क्रिकेट प्लेयर इन एनिमे स्टाइल' था। ऑल्टमैन ने घिबली यूजर्स को इस फीचर के दूसरे वर्जन के बारे में भी बताया, जिसके लिए उन्हें लगता है कि लोग तैयार नहीं हैं। इस बीच, ऑल्टमैन ने बताया कि चैटजीपीटी को लेकर यूजर्स की भारी मांग देखने को मिल रही है, जो कि घिबली-स्टाइल एआई आर्ट ट्रेंड के इंटरनेट पर तेजी से वायरल होने की वजह से है। ऑल्टमैन ने बताया कि क्षमता चुनौती की वजह से ओपनएआई की ओर से अपकमिंग रिलीज को लेकर देरी हो रही है।

## भारतीय रेलवे की कोच मैन्युफैक्क्रिंग में वित्त वर्ष 25 में हुई 9 प्रतिशत की बढ़ोतरी

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय रेलवे ने वित्त वर्ष 25 में 7,134 कोच मैन्युफैक्कर किए हैं। इसमें सालाना आधार पर 9 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वित्त वर्ष 24 में भारतीय रेलवे ने 6,541 कोच मैन्युफैक्कर किए थे। पिछले वित्त वर्ष में गैर-एसी कोचों पर विशेष जोर दिया गया और आम आदमी की जरूरतों को पूरा करने के लिए 4,601 कोच मैन्युफैक्कर किए गए।

रेल मंत्रालय के अनुसार, वार्षिक औसत कोच मैन्युफैक्करिंग 2004-14 में 3,300 से बढ़कर 2014-24 में 5,481 हो गई है और पिछले दशक में कुल 54,809 कोच की मैन्युफैक्करिंग हुई है।

यह वृद्धि बढ़ती यात्री मांग को पूरा करने के लिए रेलवे बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण पर भारत के बढ़ते जोर को दर्शाती है।

देश में भारतीय रेलवे की तीन कोच मैन्युफैक्करिंग यूनिट्स हैं, जिसमें चेन्नई, तमिलनाडु में इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ), कपूरथला, पंजाब में रेल कोच फैक्ट्री (आरसीएफ) और रायबरेली, उत्तर प्रदेश में मॉडर्न कोच फैक्ट्री (एमसीएफ) शामिल हैं।



मंत्रालय के अनुसार, चेन्नई स्थित भारतीय रेलवे की प्रमुख यात्री कोच मैन्युफैक्करिंग यूनिट इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) ने वर्ष 2024-25 में अपने पिछले उत्पादन रिकॉर्ड को पार कर लिया है और इसने 3,007 कोच तैयार किए हैं।

भारत में कोच मैन्युफैक्करिंग में पिछले कुछ वर्षों में काफी वृद्धि हुई है। 2004 से 2014 के बीच भारतीय रेलवे ने प्रति वर्ष औसतन 3,300 से भी कम कोच बनाए थे। मंत्रालय ने कहा कि 2014 से 2024 के बीच रेलवे की कोच मैन्युफैक्करिंग में बड़ी बढ़त देखी गई और इस दौरान कुल 54,809 या प्रति वर्ष औसतन 5,481 कोच की मैन्युफैक्करिंग हुई। यह बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करने और आत्मनिर्भर बनने के रेलवे के प्रयास के अनुरूप है। कोच मैन्युफैक्करिंग में वृद्धि घरेलू उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने, आयात पर निर्भरता कम करने और रेलवे डिजाइन में एडवांस टेक्नोलॉजी को एकीकृत करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है।सरकार के अनुसार, अधिक कोचों की मैन्युफैक्करिंग किए जाने से यात्रियों को बेहतर सुविधाएं और बढ़ती हुई मांग को आसानी से बढ़ी हुई क्षमता के साथ पूरा किया जा सकता है।इसके अतिरिक्त, यह उपलब्धि 'मेक इन इंडिया पहल' को मजबूत करती है, जिससे रेलवे मैन्युफैक्करिंग में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में भारत की स्थिति मजबूत होती है।

## जनता को सरकार ने दी राहत, पीपीएफ अकाउंट में अब फ्री में चेंज करवाएं नॉमिनी का नाम

मुंबई (आरएनएस)। पब्लिक प्रोविडेंट फंड अकाउंट में नॉमिनी को अपडेट या बदलना अब बिल्कुल फ्री होगा। इसके लिए खाताधारकों को कोई चार्ज नहीं देना पड़ेगा। यह जानकारी खुद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी है। दरअसल कई वित्तीय संस्थान नॉमिनी अपडेट करने के लिए फीस ले रहे थे, लेकिन अब नियमों में




बदलाव करके इसे पूरी तरह हटा दिया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने X पर पोस्ट कर कहा, हाल ही में मुझे बताया गया कि वित्तीय संस्थाओं द्वारा PPF खातों में नामांकित व्यक्ति के विवरण को अपडेट/संशोधित करने के लिए शुल्क लगाया जा रहा है।

अब सरकारी बचत संवर्धन सामान्य नियम 2018 में गजट अधिसूचना 02/4/25 के माध्यम से आवश्यक परिवर्तन किए गए हैं, ताकि PPF खातों के लिए नामांकित व्यक्ति के अपडेट पर कोई भी शुल्क हटाया जा सके। पुराने नियम के अनुसार बैंक खातों और PPF में केवल एक व्यक्ति को ही नॉमिनी बनाया जा सकता था। नए कानून के लागू होने के बाद अकाउंट होल्डर अब एक बैंक अकाउंट के लिए 4 नॉमिनी ऐड कर सकते हैं। यह बदलाव अनक्लेम्ड अमाउंट को सही उत्तराधिकारी तक पहुंचाने के लिए किया गया है। मार्च 2024 तक बैंकों में लगभग 78,000 करोड़ रुपए की ऐसी राशि है, जिस पर कोई दावा नहीं किया गया है।

## शेयर बाजार गिरावट पर बंद, सेंसेक्स 931 अंक नीचे आया

### निफ्टी भी 345 अंक टूटा , निवेशकों को 10 लाख करोड़ रुपये का नुकसान

मुम्बई (ए.)। भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को भारी गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। इसके अलावा निवेशकों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के भारत सहित 180 देशों पर टैरिफ लगाने के बाद संभावित ट्रेड वॉर की आशंकाओं को देखते हुए सतर्कता बरती। जिससे भी बाजार नीचे आया। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 930.67 अंक करीब 1.22 फीसदी नीचे आकर 75,364.69 पर बंद हुआ।

वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निड्टी भी अंत में 345.65 अंक तकरीबन 1.49 फीसदी की बडी गिरावट के साथ 22,904.45 पर बंद हुआ। इस दौरान निफ्टी मेटल, ऑटो, आईटी और फार्मा शेयरों में 2.17 प्रतिशत तक की गिरावट रही। बैंक और वित्तीय शेयरों में हालांकि बढ़त रही।

आज बाजार में गिरावट से निवेशकों को काफी नुकसान हुआ है। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकर घटकर 4,03,83,671 करोड़ रुपये पर आ गया। वहीं यह गुरुवार को बाजार बंद होने के बाद 414,16,218 करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों के कुल मिलाकर 10,32,547 करोड़ रुपये




डूब गये।

इससे पहले गुरुवार को भी बाजार में गिरावट रही थी। आईटी इंडेक्स में गिरावट के चलते बाजार नीचे आया था। हालांकि, फार्मा और बैंकिंग स्टॉक्स में खरीदारी से बाजार में निचले स्तरों से रिकवरी हुई थी। घरेलू बाजार में गिरावट का एक कारण रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों का नीचे आना रहा है। रिलायंस के शेयर आज बीएसई पर 4 फीसदी से अधिक टूकर 1,195.75 रुपये के दिन के निचले स्तर पर आ गए। रिलायंस के अलावा कई अन्य लार्जकैप शेयरों में भी बिकवाली रही। टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, एलएंडटी, इंडसइंड बैंक, सन फार्मा, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक, इंफोसिस, टीसीएस, मारुति सुजुकी, एनटीपीसी, एशियन पेंट्स और टाइटन के शेयरों में भी 1 फीसदी से 6 फीसदी तक की गिरावट आई।

एशियाई बाजारों में लगातार दूसरे दिन भारी गिरावट रही। ट्रंप के टैरिफ और अमेरिका में मंदी की आशंका से भी निवेशक सतर्क नजर आये। जापान का निक्केई इंडेक्स 3 फीसदी नीचे आया। वहीं ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 इंडेक्स 2.44 फीसदी गिरा, और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.78 फीसदी फिसला। वहीं चीन और हांगकांग के बाजारों में आज छुट्टी रही।

इससे पहले अमेरिकी बाजारों में गुरुवार को भारी गिरावट आई। व्यापक बाजार सूचकांक 4.84 प्रतिशत गिरकर 5,396.52 पर बंद हुआ, डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 1,679.39 अंक या 3.98 फीसदी नीचे आकर 40,545.93 पर बंद हुआ, जबकि नैस्डैक कंपोजिट 5.97 फीसदी टूटकर 16,550.61 पर बंद हुआ। वहीं एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई इंडेक्स 2.46 फीसदी नीचे था और टॉपिक्स 3.18 फीसदी पीछे था। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.29 फीसदी फिसला जबकि कोसडैक 0.59 फीसदी ऊपर आया। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 1.42 फीसदी गिरा।

वहीं आज सुबह अमेरिकी शेयर बाजारों में रिकॉर्ड गिरावट का असर भी भारतीय शेयर बाजारों पर भी पड़ा और प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स शुक्रवार को गिरावट के साथ खुले।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## देश में 13 नये अरबपति

अरबपतियों की संख्या के मामले में अब भारत तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट के मुताबिक देश में 284 अरबपति हैं। इस साल इसमें देश में 13 नये अरबपति शामिल हुए। रिपोर्ट के अनुसार देश के 284 अरबपतियों की कुल संपत्ति 10 फीसद बढ़कर 98 लाख करोड़ रुपये या देश की जीडीपी यानी सकल घरेलू उत्पाद का एक-तिहाई हो गई है। भारत ने प्रत्येक अरबपति की औसत संपत्ति के मामले में चीन को पीछे छोड़ दिया।बीते साल 175 अरबपतियों की संपत्ति में वृद्धि हुई है, जबकि 109 की कुल नेटवर्थ में कमी आई या वह स्थिर है। गौतम अडाणी की संपत्ति में वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक इजाफा हुआ, जो तकरीबन एक लाख करोड़ रुपये बताई जा रही है। मुंबई में सबसे अधिक 90 अरबपति हैं। इनमें भी शीर्ष दस में पांच अरबपति देश के अरबपतियों की राजधानी यानी मुंबई से हैं। दो राजधानी दिल्ली से व बेंगलूर, पुणो व अहमदाबाद से एक-एक हैं। पूंजीपतियों की औसत दौलत 34,514 करोड़ रुपये व उम्र 68 साल आंकी गई है। सूची में 22 महिलाओं के नाम भी शामिल हैं। हालांकि अमेरिका की तुलना में भारत व चीन काफी पीछे हैं। जहां 870 अरबपति हैं। देश में अरबपतियों की दौलत सालाना 10 फीसद बढ़ी, जबकि अमेरिका में यह बढ़त 27 फीसद रही। दुनिया में कुल 3,442 अरबपति हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के शीर्ष पर पहुंचने व पारिवारिक कारोबार में तेजी आने का अप्रत्यक्ष लाभ कुछ हद तक सबसे पिछली कतार में बैठे वर्ग तक पहुंचने की भी उम्मीद की जाती है। ये कारोबार फार्मास्यूटिकल्स, एजूकेशन, टेकनॉलाजी, फूड डिलीवरी आदि में विशेष तौर पर कारगर हैं।जाहिरा तौर पर इन सबमें आम आदमी को रोजगार के अवसर बढ़ते ही जाने की संभावनाओं से मना नहीं किया जा सकता। हालांकि धन विभाजन तथा मुनाफाखोरी के दृष्टिकोण से इसकी आलोचना की जानी भी गलत नहीं है। क्योंकि अरबपतियों के बढ़ते जाने के बावजूद दुनिया से गरीबी, भुखमरी और बेरोजगारी पर लगाम कसने के जमीनी स्तर के प्रयास नाममात्र हुए हैं।संयुक्त तौर पर एक ट्रिलियन डॉलर वाले सभी भारतीय अरबपतियों का दायित्व है कि वे अपने मुनाफे को बांटने के मार्ग प्रशस्त करने में उदारता दिखाएं ताकि इस संपन्नता से समूचा देश लाभान्वित हो सके।



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हजारीबाग में झामुमो के 46वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए.

# किसानों की मांग में क्या जटिलता

**अजीत द्विवेदी**

पंजाब की सरकार ने पुलिस भेज कर और बुलडोजर व जेसीबी चलवा कर किसानों का आंदोलन समाप्त करा दिया। पंजाब और हरियाणा के शंभू व खनौरी बॉर्डर पर बैठे किसानों को हिरासत में लिया गया और उनके आंदोलन के लिए बनाए गए मंच और दूसरे निर्माण को तोड़ कर गिरा दिया गया। यह आंदोलन 13 महीने से चल रहा था। एक तरफ केंद्र सरकार किसानों के साथ बातचीत का दिखावा कर रही थी तो दूसरी ओर पंजाब सरकार ने सीधी कार्रवाई करके किसानों का आंदोलन खत्म कराया। सवाल है कि केंद्र सरकार की सात या आठ दौर की किसानों से बातचीत में क्या हो रहा था, जो बातचीत एक कदम आगे नहीं बढ़ रही थी हर बातचीत के बाद एक नई तारीख तय हो रही थी। सोचें, रूस और यूक्रेन के युद्ध जैसे जटिल मसले पर पहली बैठक में युद्धविराम की सहमति बन गई। लेकिन किसानों की मांग में ऐसी क्या जटिलता थी कि अनेक दौर की बातचीत के बाद भी कोई बताने लायक सहमति नहीं बन पा रही थी जाहिर है केंद्र सरकार किसानों को थका देने की रणनीति पर काम कर रही थी और इसके साथ ही आंदोलन को दूसरे समूहों के बीच अलोकप्रिय बनाने का अभियान भी चल रहा था।

किसानों के राष्ट्रीय आंदोलन यानी नवंबर 2020 में दिल्ली की सीमा पर हुए और एक साल तक चले आंदोलन की तुलना जब फरवरी 2024 में पंजाब के शंभू व खनौरी बॉर्डर पर हुए आंदोलन से करते हैं तो कई चीजें स्पष्ट होकर सामने आती हैं। इससे जो सबक निकल रहा है वह देश के सभी राज्यों और सभी समूहों के लिए ध्यान देने वाला है। केंद्र सरकार ने पहले आंदोलन से सबक सीखा था और इसलिए उसने वैसे किसी टूल्स का इस्तेमाल नहीं किया, जिससे किसानों को सहानुभूति मिले। दूसरे उसने देख लिया था कि यह आंदोलन पंजाब और हरियाणा की सीमा पर हो रहा है तो उससे निपटने का जिम्मा भी उसने दोनों राज्यों पर छोड़ दिया। चूंकि



किसानों की मांग केंद्र सरकार से थी तो केंद्र सरकार के मंत्री नियमित अंतराल पर किसानों से बात करते रहे। यानी केंद्र सरकार अच्छी बनी रही। सुप्रीम कोर्ट भी अच्छा बना रहा। क्योंकि वहां भी लगातार सुनवाई होती रही। ऐसा लगता रहा, जैसे सुप्रीम कोर्ट किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत को लेकर बहुत ज्यादा चिंतित है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट की लगातार सुनवाई और कथित फटकार के बावजूद उस मामले में भी सूई की नोक बराबर बदलाव नहीं आया।

इस पूरे प्रकरण में तीन चीजें बहुत स्पष्ट होती दिखीं। पहली चीज है किसान संगठनों का बिखराव। जिस तरह से केंद्र सरकार के बनाए तीन विवादित कानूनों को खत्म कराने के लिए देश भर के किसान संगठन एकजुट हुए और तमाम समूहों के बावजूद संयुक्त किसान मोर्चा की एक कमान में आंदोलन हुआ वह इस बार नहीं दिख रहा था। पहली बार नंवबर 2021 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर आकर विवादित कानूनों को वापस लेने का ऐलान किया और आंदोलन खत्म हुआ तो किसान समूहों के अंदर सर्वशक्तिशाली सरकार को झुका देने की भावना आ गई। उसके बाद किसान संगठनों में बिखराव शुरू हुआ। विवादित कानूनों को वापस लेते समय ही केंद्र सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी की गारंटी देने का कानून बनाने के लिए समिति बनाने की सहमति दी थी। केंद्र सरकार कई मांगों पर सहमत हो गई थी लेकिन एकजुट रह कर किसान संगठन उन मांगों को पूरा करने का दबाव नहीं बना सके। सबने अपनी डफली अपना राग शुरू कर दिया।

दूसरी चीज यह हुई कि पहले आंदोलन को जो लोकप्रिय समर्थन हासिल हुआ वह दूसरे आंदोलन को नहीं हो सका। इसका एक कारण तो किसान संगठनों का बिखराव था लेकिन दूसरा और बड़ा कारण आम नागरिकों की थकान थी या मोहभंग था। उनको लगा कि किसान बार बार क्यों आंदोलन पर बैठ रहे हैं जब पहली बार आंदोलन किया तभी क्यों नहीं अपनी सारी मांगें मनवा ली थी वैसे भी पुरानी कहावत है कि काठ की हांडी बार बार नहीं चढ़ती है। यह हकीकत है कि देश में भ्रष्टाचार खत्म होने की बजाय बढ़ गया है और लोकपाल कुछ नहीं कर पाया है लेकिन क्या अन्ना हजारे या कोई भी दूसरा व्यक्ति भ्रष्टाचार पर कोई आंदोलन खड़ा कर सकता है नहीं कर सकता है! तभी किसानों ने पंजाब और हरियाणा की सीमा पर दो जगह, जो आंदोलन खड़ा किया उसको लोकप्रिय समर्थन नहीं मिला और उसकी चमक नहीं बनी। केंद्र सरकार ने भी इस आंदोलन को थोड़ी गंभीरता से तभी लिया जब डल्लेवाल ने आमरण अनशन शुरू किया।

तीसरी चीज यह है कि कृषि और किसान से ज्यादा कारोबारियों का दबाव सरकार ने महसूस किया। शंभू और खनौरी बॉर्डर बंद होने से आम लोगों को आने जाने में जो परेशानी हो रही थी वह अपनी जगह थी। लेकिन इससे कारोबार का बड़ा नुकसान हो रहा था। माल ढुलाई के लिए लंबा रास्ता लेना पड़ रहा था, जिससे सामान पहुंचने में ज्यादा समय लग रहा था और कीमत बढ़ रही थी। इससे कारोबारी नाराज थे और सरकार पर दबाव डाल रहे थे तो आम लोगों की भी नाराजगी थी।

# स्टार्टअप्स-भारत की नवाचार क्रांति का सुलगना

**पीयूष गोयल**

प्रयागराज संगम पर महाकुंभ की शानदार सफलता के बाद, अब विकास की तीन धाराओं - नवाचार, रोजगार सृजन और उद्यमिता के संगम का जश्न मनाने का समय आ गया है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकास और विरासत की कल्पना को जीवंत और उत्साहपूर्ण भारत के लिए आगे ले जाएगा।

ये तीनों धाराएँ 3 अप्रैल को स्टार्टअप महाकुंभ में समाहित होंगी। प्रयागराज में हुए विस्मयकारी आध्यात्मिक समागम की तरह, स्टार्टअप महाकुंभ का आयोजन भी भव्य और वैश्विक स्तर पर किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में 3,000 से अधिक स्टार्टअप, 1,000 से अधिक निवेशक, 500 से अधिक वक्ता और दुनिया भर से 15,000 से अधिक प्रतिनिधि और व्यवसायी शामिल होंगे, जिसमें 50 से अधिक देशों की भागीदारी होगी। यह स्टार्टअप के लिए सहयोग, मार्गदर्शन, धनउपलब्ध कराने और नए बाजारों तक पहुंच का पता लगाने के लिए एक शक्तिशाली मंच होगा। समर्पित विशेषज्ञों की कक्षाएं, ज्ञान सत्र और नेटवर्किंग फ़ोरम के साथ, यह कार्यक्रम न केवल नवाचार को बढ़ावा देगा बल्कि उद्यमियों की अगली पीढ़ी को अपने स्वयं के उद्यम शुरू करने के लिए प्रेरित भी करेगा।

साथ ही, इस वर्ष के महाकुंभ में, तीन-स्तरीय निवेशक-नेतृत्व वाली जूरी प्रक्रिया 50 करोड़ रुपये के पुरस्कार पूल के साथ भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र द्वारा वित्त पोषित ग्रैंड इनोवेशन चैलेंज में 150 फाइनलिस्ट का चयन करेगी। नवाचार - चाहे शतरंज का खेल हो या प्राचीन भारत में 'शून्य' की अवधारणा, या आज का यूपीआई, चंद्रयान और मंगलयान, नवाचार हमेशा से ही भारतीय डीएनए का हिस्सा रहा है। स्वस्थ अनुसंधान और विकास के माध्यम से प्राप्त नए विचार, नवीन वस्तुएं और सेवाएं भारत को 2047 तक विकसित देश बनने के अपने मिशन में आगे बढ़ाएंगी। उपयुक्त रूप से, इस कार्यक्रम का विषय स्टार्टअप इंडिया 2047 है।

प्रधानमंत्री मोदी की कल्पना - 2015 में स्वतंत्रता दिवस के अपने भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को वैश्विक स्टार्टअप हब बनाने और देश को रोजगार सृजन करने वाले देश में बदलने का अपना सपना स्पष्ट किया। इसके तुरंत बाद, परिवर्तनकारी स्टार्टअप इंडिया पहलशुरू की गई।

प्रधानमंत्री मोदी की इस पहल ने युवा ऊर्जा का ऐसा ज़बरदस्त प्रवाह पैदा किया है जो भारत के उद्यमशीलता परिदृश्य को बदल रहा है। पंजीकृत स्टार्टअप की संख्या 2016 में लगभग 500 से बढ़कर अब लगभग 1.7 लाख हो गई है। ये उद्यम फिन-टेक, डीप-टेक, एड-टेक, नैनो-टेक, बायो-टेक, स्पेस-टेक, एग्री-टेक और हेल्थ-टेक सहित 55 से अधिक क्षेत्रों में फैले हुए हैं, जो भारत को प्रमुख प्रौद्योगिकी-संचालित उद्यमिता के गढ़ के रूप में उभरने में मदद कर रहे हैं।

सरकार स्टार्टअप्स को धन उपलब्ध कराने में सहायता देने के लिए भी सक्रिय रूप से पहल कर रही है। पिछले साल के बजट में हमारी सरकार ने एंजल टैक्स को समाप्त कर दिया था, इस कदम की नए उद्यमियों ने सराहना की थी। इस साल बजट में 10,000 करोड़ रुपये का नया फंड ऑफ फंड्स शुरू किया गया।

नौकरियां और समाधान - सरकार द्वारा पंजीकृत स्टार्टअप ने 31 जनवरी, 2025 तक 17.69 लाख प्रत्यक्ष नौकरियां पैदा की हैं। इसके अलावा, वे वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के लिए अत्याधुनिक समाधान प्रदान कर रहे हैं। गैर-आक्रामक, एआई-संचालित थर्मल इमेजिंग तकनीक के साथ स्तन कैंसर का पता लगाने में क्रांतिकारी बदलाव; किसानों को सीधे खरीदारों से जोड़कर ग्रामीण व्यापार को सरल बनाना; किफायती और कुशल भुगतान गेटवे समाधान प्रदान करना; कचरे को धन में बदलने वाले प्रभावशाली पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद बनाना; हमारे साइबरस्पेस को सुरक्षित करना चुनौतियों के ऐसे कुछ उदाहरण हैं जिनका हमारे स्टार्टअप द्वारा भारत और दुनिया के लिए समाधान किया गया है।

हमारे स्टार्टअप भी बहुत फुर्तीले और तेज-तर्रार हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान, जिन स्टार्टअप ने मजबूत विश्लेषणात्मक समाधान, ड्रोन, दूरसंचार प्लेटफ़ॉर्म आदि विकसित किए थे, उन्होंने संपर्क ट्रेसिंग, क्वारनटाइन निगरानी और वॉर रूम के लिए डैशबोर्ड विकसित करने के लिए इन तकनीकों का लाभ उठाने के लिए तेज़ी से काम किया। पीपीई किट, वेंटिलेटर और सैंपल कलेक्शन उत्पादों और सेवाओं जैसे महत्वपूर्ण उपकरण बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी।

उद्यमशीलता संस्कृति - स्टार्टअप इंडिया पहल ने पूरे देश में उद्यमशीलता की मानसिकता को काफी हद तक बदल दिया है। जहाँ एक समय परिवार एक सुरक्षित नौकरी की तलाश में रहते थे, वहीं आज वे अपने युवा परिवार के सदस्यों के उद्यमशीलता के कारनामों को प्रोत्साहित करते हैं और उन पर गर्व करते हैं। यह हमारे ऊर्जावान युवाओं को नौकरी चाहने वालों के बजाय नौकरी देने वाले बनने के लिए प्रेरित कर रहा है। ऐसी ऊर्जा से पैदा हुए उद्यम नई ऊँचाइयों को छू रहे हैं। उद्योग के अनुमानों के अनुसार, एक बिलियन डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाले भारतीय यूनिकॉर्न की संख्या 2016 से पहले 10 से भी कम थी जो आज बढ़कर 110 से अधिक हो गई है, जिनका सामूहिक मूल्य 385 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है।सार्वजनिक खरीद में सहायता - हमारी सरकार ने सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) में पात्र स्टार्टअप का विशेष प्रावधान किया है। यह प्लेटफ़ॉर्म विक्रेताओं को सरकारी विभागों द्वारा खरीद के लिए पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त पहुँच प्रदान करता है, जिससे उद्यमियों को जटिल प्रक्रियाओं और निहित स्वार्थों से बचने में मदद मिलती है जो इसके लॉन्च से पहले संचालित होते थे।

# आज का राशिफल

मेष राशि: आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज सफलता मिलने से थकान दूर हो जाएगी। आज आपकी कार्यशैली से लोग प्रभावित होंगे। आज प्रॉपर्टी संबंधी कार्य संपन्न होंगे। इसके साथ घर में भी आध्यात्मिक और सकारात्मक वातावरण बना रहेगा। आज घर के बड़े बुजुर्गों के मान-सम्मान का विशेष ध्यान रखें।

वृष राशि: आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आत्मविश्वास और अच्छे मनोबल के कारण आप बड़ी उपलब्धि प्राप्त करेंगे। आप अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रयासरत रहेंगे। आज घर में संबंधियों के आगमन से खुशनुमा माहौल भी बना रहेगा। आज व्यवसाय संबंधी किसी नए काम को शुरू करने का उचित समय है।

मिथुन राशि: आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज अत्यधिक जिम्मेदारियां रहेंगी परंतु आप उचित व्यवस्था बनाकर सबका हल निकाल लेंगे। आज संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलने के योग बने हुए है। आज परिवारजनों के साथ कोई मनोरंजक अथवा धार्मिक प्रोग्राम बनायेंगे। आज मानसिक सुकून बनाए रखने के लिए योगा, मेडिटेशन आदि का सहारा लें। मां दुर्गा को हलवा का भोग लगायें, रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।

कर्क राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अनुभवी लोगों से मेल-मिलाप तथा नई जानकारियां हासिल होंगी। आज क्रोध के कारण परिस्थितियां और अधिक बिगड़ सकती हैं, किसी भी मामले का शांतिपूर्ण तरीके से समाधान निकालने का प्रयास करें। आज आर्थिक मामलो में दोस्तों से मदद मिलेगी। आज आप आखों का खास ख्याल रखें।

सिंह राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज कई तरह के गतिविधियों में आपका रुझान रहेगा। आज आप ध्यान रखें कि नकारात्मक परिस्थिति बने तो धैर्य और शांति रखना ही उचित है। आज किसी नजदीकी मित्र या रिश्तेदार के साथ कहीं घूमने जायेंगे। आज अधिकतर समय मार्केटिंग तथा बाहरी गतिविधियों को पूरा करने में बीत सकता है।

कन्या राशि: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज कार्यप्रणाली बेहतर होगी तथा किसी काम में सफलता मिलने से उत्साह बढ़ेगा। जिससे दिन भर की भाग-दौड़ भूल जाएंगे। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। आज आप महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय परिवारवालों की राय अवश्य लें। आज आपको अपने जरुरी दस्तावेज संभाल कर रखने की आवश्यकता है। मां कात्यायनी को नारियल अर्पित करें, रूकें हुए काम पूरें होंगें।

तुला राशि: आज नए कार्यों को करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आज व्यवसाय में बहुत अधिक फोकस रहना जरूरी है। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आपके पक्ष में आयेगा। नवविवाहित दंपत्ति आज किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जायेंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा है, उपहार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज सकारात्मक गतिविधियों में खुद को व्यस्त रखेंगे। आज अपने गुस्से को कंट्रोल में रखें तथा फिजूलखर्चे पर भी नियंत्रण रखें। आज अपनी पूरी ऊर्जा योजनाओं को क्रियान्वित करने में लगाएं। लेकिन अपनी योजनाएं सार्वजनिक ना करें। आज आपका दाम्पत्य जीवन अच्छा रहने वाला है।

धनु राशि: आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज कुछ नई उपलब्धियां आपका इंतजार कर रही हैं। इस बेहतरीन समय का उचित सदुपयोग करें । आज महत्वपूर्ण तथा उच्च पद पर आसीन व्यक्तियों के साथ आपका समयबीतेगा। इससे आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। आज घर की व्यवस्था को व्यवस्थित रखने के लिए सबको अनुशासित रखना अति आवश्यक है।

मकर राशि: आज आपकी कई योजनाएँ समय से पूरी हो जायेंगी। आज बड़े बुजुर्गों के मार्गदर्शन से आप रुका हुआ काम पूरा कर लेंगे। आज व्यर्थ के खर्चे पर नियंत्रण रखें। छात्रों को आज अच्छी ख़बर मिलने के योग बने हुए है। आज नौकरी कर रहे लोग अपना टारगेट आसानी से पूरा कर लेंगे। आज घर में शांतिपूर्ण माहौल रहेगा।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वला है। आज आप कुछ बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। आज का दिन परिवार के साथ हर्षोल्लास में बीतेगा। आज आप अनुभवी लोगों के मार्गदर्शन पर जरूर अमल करें, निश्चित ही आपको सफलता मिलेगी। आज अचानक धनलाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी होगी। कार्यों में आज जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

मीन राशि: आज आपके अधूरे कार्य पूरे हो जायेंगे। आज आप बच्चों से मित्रवत व्यवहार रखें तथा उनकी समस्याओं को सुने और सुलझाएं। आज व्यवसाय में रोज की अपेक्षा अच्छा लाभ होगा। आज कैश के लेन-देन में सावधानी बरतें। दोस्तों के साथ बाहर जाने का प्लान कैंसल करना पड़ सकता है।आज आपके व्यापार में अच्छा धन लाभ होगा । मां कात्यायनी को इलायची अर्पित करें, आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

# नीतीश कुमार फिर सीएम की राह पर

**संजय गोस्वामी**

बिहार में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसे देखते हुए तमाम सियासी दलों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। बिहार में इस बार का चुनाव भी मुख्यै तौर पर दो धड़ों के बीच है। एक तरफ सत्तापरूढ़ एन डीए है तो दूसरी तरफ महागठबंधन है। 30मार्च 25 मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ एनडीए के बाकी साथियों की मीटिंग हुई। इसमें सभी की आमराय है कि बिहार का विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के ही नेतृत्व में लड़ा जाएगा इससे पहले हाल में ही बिहार में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार न को भागलपुर में पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी करने के कार्यक्रम में बड़ा राजनीतिक संदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि अब इधर-उधर नहीं जाएंगे, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार का विकास करेंगे। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को लेकर काफी चर्चा हो रही है नीतीश कुमार वो शख्शियत है जो किसी के कारण नहीं अपने काम के लिए जाने जाते हैं क्योंकि जब लालू यादव की सरकार थी तो सरेआम बिहार में लूटपाट हिंसा, अपहरण, फिरौती, गुंडा गर्दी व किचरों से लहूलुहान सडक, जुआ, रंगदारी इस कदर हावी थी कि किसी औऱ का डर से वोट डालना भी मुश्किल है लेकिन जब 2005 में एनडीए की सरकार आयी तो खराब स्तिथि को सुधारना एक मुश्किल काम था जो बाद में नीतीश कुमार की सरकार ने दिखा दिया कि लूटा हुआ बिहार फिर चमकने लगा अत: बिहार में जद( यू ) अगले विधानसभा चुनाव तक पुरी मजबूती से टिके रहेगी इसका कारण यह है की बिहार का राजनीति समीकरण ऐसा है कि वहाँ मुख्य रूप से तीन पार्टी है जो इस प्रकार है बीजेपी, आरजेडी व जद ( यू ) जब भी कोई दो पार्टी मिलती है तभी सरकार बनती है वहाँ का जातियों का समीकरण ही कुछ इसी तरह का है बीच में लोजपा भी है और जो दो गुटों में है वो भी इधर मजबूत हो रही है और खासकर लोजपा (रामविलास ) के प्रमुख केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान जो किसी का भी खेल बिगाड सकती है क्योंकि वहाँ जीत का मार्जिन बहुत ही कम वोटो के अंतर से होता है और बीजेपी 2015 के विधानसभा में अपने कुछ छोटी छोटी सहयोगी पार्टियों के सहारे केवल 55सीट पर सिमट गई थी और जद ( यू ) व आरजेडी को 71 व 80सीट मिले थे बिहार के मुख्यमंत्री को इतनी आसानी से समझना किसी के बस की बात नहीं है यदि कहीं वो फिर से पाला बदलेंगे तो बीजेपी अपने दम पर सरकार नहीं बना सकती है क्योंकि आज भी मुख्य मंत्री नीतीश कुमार का अच्छा जनाधार है एक बार जब जद (यू ) व आरजेडी का गठबंधन बना था तो मैं रिक्शा से रिक्शावाला से पूछा कि क्या भाई आप किस को वोट दे रहें हैं कहा देना तो था लालूजी को लेकिन जब गठबंधन बना है तो जद (यू ) को ही सब मिलकर वोट करेंगे अत: जब तक नीतीश कुमार मुख्यमंत्री के रूप में हैं तो ऐसे में बीजेपी कोई भी रिस्क लेना नहीं चाहेगी वहाँ अभी भी बाहुबली का राज है तभी तो लोकसभा में जेल से पेरोल पर चुनाव में बुलाया गया और बीजेपी भी जद (यू ) को तोडने का कोई प्रयास नहीं करेगी क्योंकि अगर उसे तोड दी तो उसी का नुकसान हो सकता है क्योंकि बाहुबली सब आरजेडी या निर्दलीय चुनाव लड कर एक अच्छा वोट बैंक ला सकती है नीतीश कुमार पाला बदलने में माहिर हैं इसलिए इन सब बदलाव पर कुछ बोल नहीं रहें है लेकिन पर्दे के पीछे उन्हें भी पार्टी के बारे में मालूम हो रहा होगा चूंकि केंद्र में बीजेपी को पूर्ण बहुमत नहीं है और सरकार एनडीए की है अत: कोई भी रिस्क नहीं लेना चाहेगी क्योंकि श्री नीतीश कुमार जब सारा विपक्ष को एक कर दी थी ऐ सही बात है कि इंडिया गठबंधन के लोगों ने उन्हें भाव नहीं दिया और पाला बदलकर पुन: एनडीए में शामिल हो गए नीतीश कुमार को जब लगा कहीं जद(यू ) में टूट होकर कहीं पीएम के चक्कर में सीएम की कुर्सी भी तेजस्वी को ना चला जाए तो प्रधानमंत्री मोदीजी के पास अन्य लोगों के माध्यम से लोकसभा चुनाव हेतु लगा कि जद (यू ) की सीट आरजेडी और कॉंग्रेस व अन्य के साथ गठबंधन से 4 से 5 सीट से ज्यादा नहीं मिलेगा और ऐसे में जद(यू ) का वजूद ना खत्म हो जाए तभी बीजेपी को भी लगा अकेले अधिक सीट मिलना मुश्किल है तो एनडीए में जद(यू ) प्रधान मंत्री श्री मोदीजी के कहने पर ही शामिल हो गई और उसे सम्मानजनक सीट मिला और आरजेडी देखते रह गई और एनडीए ने चिराग और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी को मिलकर चुनाव लडे और बिहार के 40सीट में से एनडीए को बिहार में 40 सांसदों के चुनाव में ।बीजेपी , 17। जद (यू ), 16, ।एलजेपी , 6 हम 1सीट,आरएलएम यानि एन डी ए ने कुल 40 सीट पर उम्मीदवार उतारा और जिसमें से बीजेपी , 12 जद (यू ), 12, ।एलजेपी , 5 और हम 1सीट यानि कुल 30 सीट झटक लिए जिसमें जद यू को 16 में से 12सीट मिला कुछ सीटों पर बहुत टफ फाइट था कुछ मुस्लिम बाहुल्य इलाका है जहाँ जद (यू ) सीट लेती है अत: नीतीश कुमार जब तक हैं पार्टी आराम से चलेगी क्योंकि बीजेपी में स्व सुशील मोदी जैसा कोई चेहरा नहीं जो सीट ले सके और जनाधार नीतीश कुमार जैसा नहीं है जंगलराज से बिहार को बाहर लाने में जिस तरह नीतीश कुमार ने बिहार को निकाला है वैसे में जद(यू ) के अस्तित्व पर फिलहाल कोई खतरा नहीं दिख रहा है अब जब पुल के बारे में एनडीए में बीजेपी कुछ नहीं बोलती है तो कुछ समय बाद उनके राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ के सी त्यागी को भी सोच समझ कर बोलना चाहिए खासकर उससमय जब चुनाव परिणाम के बाद सब की धडकन रूकी थी तभी उनका बयान आता है कि श्री नीतीश कुमार को पीएम पद का ऑफर मिला था और बाद में राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद से हटा दिया गए और तभी तेजस्वी यादव उसका मजाक उडाते नजर आते हैं कि ऐसा कोई बयान नहीं आया था ऐसे में पार्टी के अंदर लगता है अनर्थ हो रहा है अब जब श्री ललन सिंह जद यू के कैबिनेट मंत्री बन गए और विपक्ष का संसद में मुँह बन्द कर देते हैं वैसा तालमेल की कमी पार्टी को लगी होगी और फिर अग्निवीर और जातीय जनगणना पर बेबजह बोलने लगते हैं तो विरोधाभास होने लगता है जंगल त्याग खत्म तो बिहार से लगभग खत्म हो गया लेकिन बाहुबली का दबदबा अभी भी बिहार में है जैसे श्री आनंद मोहन जिसके लिए श्री नीतीश कुमार ने उम्र कैद की सजा को जेल मैनुअल बदल कर जेल से निकाले और जद (यू ) ने उनकी पत्नी लवली आनंद को चुनाव में उतारा और जीत मिली और बीजेपी को भी जब जद यू के नेतृत्व में पुन: सत्ता में 2024 में गठबंधन हुआ तो आनंद मोहन के बेटे चेतन आंनद ने विधानसभा में स्पीकर के विपक्ष में वोट किया और ठाठ से विरोधी दल को दरकिनार कर सत्ता पक्ष में बैठे जबकी वो आरजेडी के विधायक थे ऐ खेल उस समय हुआ जब आनंद मोहन जेल से रिहा होने के बाद लालू जी से मिलने गए और उसने मिलने से मना कर दिया और इधर उनके राज्य सभा के सांसद मनोज झा ने पार्लियामेंट में ठाकुर का कुँआ।

# प्रधानमंत्री मोदी ने वक्फ संशोधन विधेयक के पारित होने को 'ऐतिहासिक क्षण' बताया

नई दिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा के बाद राज्यसभा से भी वक्फ संशोधन विधेयक पास हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे ऐतिहासिक क्षण करार दिया है। उन्होंने कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक और मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक का पारित होना देश की सामाजिक-आर्थिक न्याय, पारदर्शिता और समावेशी विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक पल है।उन्होंने कहा कि यह कदम उन लोगों के लिए विशेष रूप से लाभकारी होगा, जो लंबे समय से हाशिए पर रहे हैं और जिन्हें आवाज और अवसर से वंचित रखा गया है।प्रधानमंत्री मोदी ने सभी सांसदों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इन विधेयकों पर संसदीय और समिति चर्चाओं में भाग लिया, अपने विचार प्रस्तुत किए और इन कानूनों को मजबूत बनाने में योगदान दिया। उन्होंने उन अनगिनत लोगों का भी विशेष धन्यवाद किया, जिन्होंने संसदीय समिति को अपने मूल्यवान सुझाव भेजे। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक बार फिर, व्यापक बहस और संवाद का महत्व साबित हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दशकों तक वक्फ प्रणाली पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी का पर्याय रही है, जिससे विशेष रूप से मुस्लिम महिलाओं, गरीब मुसलमानों और पासमांदा मुसलमानों के हितों को नुकसान पहुंचा है। संसद से पारित इन विधेयकों से पारदर्शिता बढ़ेगी और लोगों के अधिकारों की रक्षा होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अब हम एक ऐसे युग में प्रवेश करेंगे, जहां ढांचा




अधिक आधुनिक और सामाजिक न्याय के प्रति संवेदनशील होगा। उन्होंने यह भी कहा कि हम प्रत्येक नागरिक की गरिमा को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी प्रकार, हम एक मजबूत, अधिक समावेशी और अधिक दयालु भारत का निर्माण करते हैं। उल्लेखनीय है कि वक्फ (संशोधन) विधेयक राज्यसभा में पारित हो गया है। इसके साथ ही विधेयक को संसद की मंजूरी मिल गई है। ऊपरी सदन में गुरुवार को पेश होने के बाद करीब 12 घंटे चली चर्चा के बाद गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात को विधेयक पारित हुआ। इसके पक्ष में 128 और विरोध में 95 मत पड़े। लोकसभा पहले ही इसे मंजूरी दे चुकी थी। इस विधेयक का उद्देश्य वक्फ अधिनियम में संशोधन के जरिए वक्फ बोर्ड के ढांचे में बदलाव और कानूनी विवादों को कम करना है।

## मां जगदम्बे की कृपा भक्तों के जीवन में खुशियों का नया सवेरा लाती है : पीएम मोदी

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को चैत्र नवरात्रि की सप्तमी तिथि की देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देवी मां अपने भक्तों के लिए खुशियां लेकर आती हैं। रोज की तरह प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में मां की महिमा का बखान करते हुए लिखा, मां जगदम्बे की कृपा उनके भक्तों के जीवन में खुशियों का नया सवेरा लेकर आती है।प्रधानमंत्री मोदी ने आस्थावानों से मां जगतजननी की एक स्तुति सुनने का भी आग्रह किया। आगे लिखा- नवरात्रि में देवी मां के लिए लता दीदी की यह स्तुति हर किसी के लिए एक नई ऊर्जा का संचार करने वाली है।प्रार्थना गीत लता मंगेशकर के क्लासिक म्यूजिक वीडियो 'आज तेरा जगराता' से लिया गया है। नवरात्रि की सप्तमी को देवी मां के 'मां कालरात्रि' स्वरूप की पूजा की जाती है। वे अपने भक्तों को शुभ फल प्रदान करती हैं।

## दर्दनाक हादसा : महिला मजदूरों को ले जा रहा ट्रैक्टर कुएं में गिरा, 8 की मौत; रेस्क्यू जारी

नांदेड़ (आरएनएस)। महाराष्ट्र के नांदेड़ में आज एक बड़ी घटना सामने आई है। यहां महिला मजदूरों को ले जा रहा एक ट्रैक्टर कुएं में गिर गया। इस घटना में 8 लोगों की मौत हो गई है। यह हादसा नांदेड़ के अलेगांव शिवरा में हुआ। आशंका जताई जा रही है कि कुछ महिलाएं कुएं में फंसी हो सकती हैं। घटनास्थल पर फिलहाल बचाव कार्य जारी है।

जानकारी के मुताबिक, घटना नांदेड़ इलाके के अलेगांव में सुबह करीब 9 बजे घटी। हिंगोली जिले में एक ट्रैक्टर पर सवार होकर महिला मजदूर हल्दी की कटाई के लिए खेत की तरफ जा रही थीं। रास्ते में कुआं था, इसका अंदाजा ड्राइवर को नहीं था। परिणामस्वरूप ट्रैक्टर सीधे कुएं में जा गिरा। जैसे ही ट्रैक्टर कुएं में गिरा, वहां चीख-पुकार मच गई। घटना के बाद वहां से गुजर रहे कुछ राहगीरों ने सूचना प्रशासन को दी। इसके बाद प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। घटना में 8 लोगों की तो मौके पर ही मौत हो गई। कई महिलाएं कुएं में डूब गईं। इसलिए मौत का आंकड़ा अभी स्पष्ट नहीं है। जबकि, कुएं में गिरी अन्य महिलाओं का रेस्क्यू जारी है। रेस्क्यू टीम रस्सी की मदद से महिलाओं को कुंए से बाहर निकाल रही हैं। बचाव अभियान के दौरान कुछ महिलाओं को पानी से बाहर निकाला गया है।

## मौलाना रजवी ने की मुस्लिमों से सड़कों पर न उतरने की अपील, कहा- वक्फ बिल आपके कल्याण के लिए

बरेली ,(आरएनएस)। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल लोकसभा से पास होकर राज्यसभा से भी पास हो गया है। इसके लिए सरकार का शुक्रिया अदा करता हूं। उन्होंने इस बिल को मुस्लिमों के हित वाला बताया है। इसके साथ उन्होंने अपील की कि इसके खिलाफ आम मुस्लिम सड़कों पर न उतरें।

शहाबुद्दीन रजवी ने शुक्रवार को अपने जारी एक बयान में कहा कि वक्फ संशोधन बिल से किसी प्रकार का कोई खतरा नहीं है। बरेलवी ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल से धार्मिक स्थलों को कोई खतरा नहीं है। मस्जिदों, मदरसों, ईदगाहों, कब्रिस्तानों, दरगाहों को कोई खतरा नहीं है। इन धार्मिक स्थलों की स्थिति जैसी है, वैसी ही रहेगी।उन्होंने कहा कि खतरा उन्हें है जो भूमाफिया टाइप के हैं। उन्होंने वक्फ की करोड़ों की संपत्ति दबा रखी है। उसकी आमदनी को अपनी जेब में रखते हैं। जबकि होना यह चाहिए था कि गरीब और कमजोर मुस्लिमों पर काम किया जाना चाहिए था। उनके उत्थान के लिए काम किया जाना चाहिए था। लेकिन ऐसा न करके उन्होंने उसे अपनी जातीय आमदनी का जरिया बना लिया। यह बिल गरीब मुस्लिमों के आर्थिक, सामाजिक उत्थान में एक नया इंकलाब साबित होगा।मौलाना ने कहा कि गत वर्षों में जब सीएए कानून आने वाला था, तब राजनीति करने वाले लोगों ने मुसलमानों को खूब गुमराह किया। यह कानून लागू हो गया तो मुसलमानों की नागरिकता छीन ली जाएगी, जबकि हकीकत में ऐसा कुछ भी नहीं था।

## भरतपुर बाल संप्रेषण गृह से भागे दो खूंखार बाल अपचारी, पुलिस का सर्च अभियान

भरतपुर (आरएनएस)। शहर के बाल संप्रेषण गृह से गुरुवार देर रात दो खूंखार बाल अपचारी फरार हो गए। इनमें से एक पर मर्डर के 2 मामले दर्ज हैं, वहीं दूसरे पर 13 अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अमित कुमार ने बताया कि ये दोनों बाल अपचारी बाल संप्रेषण गृह के कमरे के बाथरूम के रोशनदान को तोड़ने के बाद छत से होते हुए दीवार लांघकर फरार हुए थे।घटना की जानकारी बाल संप्रेषण गृह के गार्ड ओमप्रकाश को तब लगी जब उन्हें दोनों बाल अपचारी कमरे से गायब मिले। जिसके बाद उन्होंने संप्रेषण गृह के पीछे हर जगह तलाश किया। लेकिन दोनों बाल अपचारी कहीं नहीं मिले। जिसके बाद सीसीटीवी देखने पर उन्हें पूरी घटना का पता चला। जिसके बाद घटना की जानकारी सेवर थाना पुलिस को दी गई।



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने नई दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की.

## बोकारो स्टील प्लांट में विस्थापितों पर लाठी चार्ज में युवक की मौत के खिलाफ बोकारो बंद, सड़कों पर उतरे लोग

बोकारो (आरएनएस)। बोकारो स्टील प्लांट में नौकरी की मांग को लेकर आंदोलित विस्थापितों पर गुरुवार की देर शाम लाठी चार्ज में एक युवक की मौत और कई लोग घायल होने के बाद शहर में बवाल मच गया है।

इस घटना के विरोध में विस्थापितों के संगठन के अलावा आजसू पार्टी, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा सहित कई दलों ने शुक्रवार को बंद बुलाया है, जिसका सुबह से ही व्यापक असर देखा जा रहा है।

बोकारो की कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह, डुमरी के विधायक जयराम महतो सहित कई नेता सड़कों पर उतर आए हैं। शहर में जगह-जगह सड़कें जाम कर दी गई हैं। ज्यादातर इलाकों में दुकानें भी बंद करा दी गई हैं। बोकारो स्टील प्लांट के निर्माण के दौरान विस्थापित हुए लोगों का कहना है कि प्लांट उनकी जमीन पर बना है, लेकिन कंपनी ने उन्हें उनके वाजिब अधिकारों से वंचित रखा है। प्लांट में अप्रेंटिस का प्रशिक्षण लेने वाले विस्थापित युवा नियोजन-नौकरी की मांग को लेकर आंदोलित हैं। गुरुवार को बड़ी संख्या में विस्थापित युवा अपने परिवारों के साथ प्लांट के मुख्य गेट पर प्रदर्शन कर रहे थे। वे मुख्य गेट को जाम कर प्लांट के अंदर जाने वाले अफसरों और कर्मियों को रोक रहे थे। आंदोलन को देखते हुए बोकारो स्टील प्रबंधन ने बैरिकेडिंग लगा रखा था।

शाम करीब 5 बजे आंदोलित प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग तोड़कर इस्पात भवन (बोकारो स्टील प्लांट का मुख्यालय) के अंदर प्रवेश करने की कोशिश की, तो वहां सुरक्षा में तैनात सीआइएसएफ के जवानों ने लाठीचार्ज कर दिया। इसमें चार विस्थापित युवा घायल हो गये, जिनमें से एक की इलाज के दौरान देर रात मृत्यु हो गयी। मृतक प्रेम महतो (32) हरला थाना क्षेत्र के शिबूटांड़ गांव का रहनेवाला था। विस्थापित युवक की मौत की खबर के बाद आंदोलनकारियों का गुस्सा और भड़क उठा। घटना की खबर मिलते ही कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह मौके पर पहुंचीं। उन्होंने बीएसएल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि विस्थापितों से उनकी जमीन ले ली, लेकिन जब वे बदले में नौकरी मांगने आए तो उनपर लाठियां बरसाई गईं। एक युवा की मौत हो गई।कंपनी प्रबंधन की बर्बरता किसी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डुमरी के विधायक जयराम महतो भी गुरुवार देर रात मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार, सेल प्रबंधन और बोकारो ज़िला प्रशासन अविलंब मामले में हस्तक्षेप करे और दोषियों को अविलंब गिरफ्तार करे। बोकारो की उपायुक्त विजया जाधव ने कहा है कि सीआईएसएफ ने लाठीचार्ज किया है।

## वक्फ संशोधन बिल पर मायावती ने जताई असहमति, कहा- सरकार जल्दबाजी में लाई बिल

लखनऊ (आरएनएस)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने वक्फ संशोधन बिल पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने इसको लाने में जल्दबाजी की है। इस बिल से पार्टी सहमत नहीं है।



बसपा मुखिया मायावती ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि संसद में वक्फ संशोधन बिल पर सत्ता और विपक्ष को सुनने के बाद, निष्कर्ष यही निकलता है कि केंद्र सरकार यदि जनता को इस बिल को समझने के लिए कुछ और समय दे देती तथा उनके सभी संदेहों को भी दूर करके जब इस बिल को लाती तो यह बेहतर होता। उन्होंने आगे कहा कि दु:ख की बात यह है कि सरकार ने इस बिल को बहुत जल्दबाजी में लाकर जो इसे पास कराया है, यह उचित नहीं है और अब इस बिल के पास हो जाने पर यदि सरकार इसका दुरुपयोग करती हैं, तो फिर बसपा मुस्लिम समाज का पूरा साथ देगी, अर्थात ऐसे में इस बिल से पार्टी सहमत नहीं है। ज्ञात हो कि वक्फ बिल लोकसभा से आसानी से पारित होने के बाद राज्यसभा से भी पारित हो गया। बिल के पक्ष में 128 और विपक्ष में 95 वोट पड़े। अब विधेयक को कानून बनने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास उनकी मंजूरी के लिए भेजा जाना आवश्यक होगा। इसके पहले केंद्र सरकार ने बुधवार को लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पास करा लिया। सरकार को एनडीए के सभी घटक दलों का समर्थन मिला और विधेयक के पक्ष में वोट किया।

## मऊ में 25 हजार के इनामी दो बदमाश गिरफ्तार, एक को लगी गोली

लखनऊ (आरएनएस)। यूपी के मऊ में 25 हजार इनाम के दो बदमाश गिरफ्तार हुए हैं, जिनमें एक को पुलिस मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लग गई है। उसे इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। मऊ के अपर पुलिस अधीक्षक महेश कुमार सिंह अत्रि ने बताया कि जनपद में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चल रहे अभियान में देर रात थाना घोसी में पुलिस, एसओजी और स्वाट टीम को बड़ी सफलता मिली है। थाना घोसी में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर नरेश और कोमल को गिरफ्तार किया गया है। यह बदायूं के रहने वाले हैं। इन पर 25-25 हजार का इनाम घोषित था। इन्हें थाना घोसी के सरहा पुलिया से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस मुठभेड़ के दौरान नरेश के पैर में गोली लगी है।

## सीएम योगी से पुष्कर धामी तक, मनोज कुमार के निधन पर गणमान्यों ने जताया दुख, बोले- 'ये एक युग का अंत'

नई दिल्ली (आरएनएस)। अभिनेता मनोज कुमार के निधन पर फिल्म जगत के साथ ही राजनीतिक जगत में भी शोक व्याप्त है। उनके निधन पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई नेताओं ने शोक जताया। सभी ने उनके निधन को कला और फिल्म जगत के लिए अपूरणीय क्षति माना।सीएम योगी ने एक्स हैंडल पर लिखा, महान अभिनेता, प्रख्यात फिल्म निर्देशक, पद्मश्री मनोज कुमार का निधन अत्यंत दु:खद तथा कला एवं फिल्म जगत की अपूरणीय क्षति है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवार के साथ हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को सद्गति तथा शोकाकुल परिजनों और उनके प्रशंसकों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।उत्तर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने लिखा, पद्मश्री एवं दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित भारतीय अभिनेता एवं निर्देशक मनोज कुमार जी के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद है। 'रोटी, कपड़ा और मकान' व 'क्रांति' जैसी बेहतरीन फिल्में देने वाले मनोज कुमार जी का निधन सिनेमा जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है।उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लिखा, सुप्रसिद्ध भारतीय अभिनेता और फिल्म निर्देशक, पद्मश्री और दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित मनोज कुमार जी के निधन का दु:खद समाचार प्राप्त हुआ। उनका जाना फिल्म जगत और सिनेमा प्रेमियों के लिए एक अपूरणीय क्षति है। ईश्वर पुण्यात्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोक संतप्त परिजनों व प्रशंसकों को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## बीएसएनएल से बीते सात महीनों में जुड़े 55 लाख से अधिक नए ग्राहक : ज्योतिरादित्य सिंधिया

नई दिल्ली (आरएनएस)। सरकारी क्षेत्र की टेलीकॉम कंपनी बीएसएनएल से बीते सात महीनों में 55 लाख से अधिक नए ग्राहक जुड़े हैं, जिससे कंपनी के कुल सब्सक्राइबर्स की संख्या बढ़कर 9.1 करोड़ हो गई है। यह जानकारी सरकार द्वारा संसद में दी गई। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को राज्यसभा को बताया कि जून 2024 से इस साल फरवरी तक बीएसएनएल के ग्राहकों की संख्या 8.55 करोड़ से बढ़कर 9.1 करोड़ हो गई है।

उन्होंने आगे कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार की नीतियों के कारण सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी 18 साल बाद अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान मुनाफे में आ गई है।

सिंधिया ने आगे कहा कि बीएसएनएल देश भर के उन गांवों में 4जी मोबाइल सेवाओं को पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण परियोजना पर काम कर रहा है, जहां मोबाइल सेवाएं नहीं पहुंच पाई हैं। इस परियोजना को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी



दे दी है। इसकी कुल लागत 26,316 करोड़ रुपये है। इसमें मौजूदा 2जी बीटीएस को 4जी में अपग्रेड करना भी शामिल है।

इसके अलावा, बीएसएनएल एलडब्ल्यूई चरण-द्व योजना के तहत स्थापित मौजूदा 2,343 2जी बीटीएस को 2जी से 4जी में अपग्रेड करने का कार्य भी कर रहा है, जिसकी अनुमानित लागत 1,884.59 करोड़ रुपये है।

दूरसंचार क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में हुई प्रगति का जिक्र करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत 4जी नेटवर्क उपकरण बनाने वाला दुनिया का पांचवां देश बन गया है।

सिंधिया ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशानिर्देशों के अनुरूप बीएसएनएल अपना 5जी नेटवर्क शुरू करने के लिए केवल स्वदेशी उपकरणों का उपयोग करेगा।

उन्होंने कहा कि बीएसएनएल एक लाख टावर लगाने का 4जी लक्ष्य पूरा करने के बाद 5जी का क्रियान्वयन शुरू करेगा। करीब 73,326 4जी टावर लग चुके हैं, जो कुल काम का करीब 73 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि बाकी काम भी जल्द ही पूरा हो जाएगा।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने आगे कहा कि भारत में 5जी का क्रियान्वयन दुनिया में सबसे तेज रहा है और पिछले एक साल में 99 प्रतिशत जिलों और 82 प्रतिशत आबादी को कवर किया गया है।



दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने नई दिल्ली में गृह रा%य मंत्री नित्यानंद राय से मुलाकात की.

## राज्य सरकार का उद्देश्य लोगों के जीवन को आसान बनाना है : नायब सिंह सैनी

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज यहां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला और उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविरों में जनता से बातचीत की। बातचीत के दौरान उन्होंने लोगों की संतुष्टि के स्तर के बारे में प्रत्यक्ष रूप से जानकारी हासिल की। मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों और उपमंडल मजिस्ट्रेटों (एसडीएम) को भी प्रतिदिन व्यक्तिगत रूप से शिविर में उपस्थित होकर लोगों की शिकायतों का मौके पर ही समाधान करने के निर्देश दिए, ताकि शिकायतों का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी भी उपस्थित थे।मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों और एसडीएम से प्राप्त शिकायतों, निपटाई गई शिकायतों और लंबित शिकायतों की संख्या के बारे में भी जानकारी हासिल की। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि अक्टूबर से मार्च 2025 तक सभी जिलों में समाधान शिविरों में प्राप्त 18,925 शिकायतों में से 10,955 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है, 6,639 लंबित हैं और 1,331 को खारिज कर दिया गया है। इसी प्रकार, राज्यभर में शहरी स्थानीय निकायों में आयोजित समाधान शिविरों में प्राप्त 8,635



शिकायतों में से 5,761 का समाधान किया जा चुका है, 1,813 लंबित हैं और 1,061 को खारिज कर दिया गया है।

**विभिन्न विभागों से संबंधित जन शिकायतों का एक ही स्थान पर समाधान करने के लिए लगाए जा रहे समाधान शिविर**

नायब सिंह सैनी ने कहा कि विभिन्न विभागों से संबंधित जन शिकायतों का एक ही स्थान पर समाधान सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने जिला एवं उपमंडल मुख्यालय स्तर पर समाधान शिविर शुरू किए हैं। ये शिविर प्रत्येक कार्य दिवस में प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किए जाते हैं। इन शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहते हैं, ताकि अपने-अपने विभागों से संबंधित शिकायतों का त्वरित समाधान किया जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि समाधान शिविरों के संबंध में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग राज्य सरकार की इस पहल का लाभ उठा सकें।

**मुख्यमंत्री ने जिलों में लंबित शिकायतों का लिया संज्ञान**

मुख्यमंत्री ने कुछ जिलों में शिकायतों के लंबित रहने का कड़ा संज्ञान लेते हुए उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ मिलकर सप्ताह में एक बार इन शिकायतों की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा करें, ताकि लंबित मामलों की संख्या शून्य हो। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नीतिगत निर्णयों से जुड़ी शिकायतों को मुख्य सचिव कार्यालय को भेजा जाना चाहिए, जहां उनके समाधान के लिए सरकार के स्तर पर निर्णय लिए जा सकते हैं। राज्य सरकार का उद्देश्य लोगों के जीवन को आसान बनाना है।

## क्लास रीयूनियन बना जानलेवा मिलन, प्रेमी संग रहने के लिए महिला ने मार डाले अपने 3 बच्चे



संगारेड्डी/मेरठ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मेरठ में मुस्कान द्वारा अपने पति की हत्या के बाद, तेलंगाना के संगारेड्डी से एक और दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। यहाँ एक 30 वर्षीय महिला, रजिता ने अपने तीन मासूम बच्चों की निर्मम हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, रजिता ने यह खौफनाक कदम इसलिए उठाया ताकि वह अपने पुराने प्रेमी, सुरु शिवकुमार के साथ अपना जीवन बिता सके। रजिता और शिवकुमार ने 9वीं और 10वीं कक्षा में एक साथ पढ़ाई की थी और कुछ समय पहले ही उनकी मुलाकात हुई थी। इस मामले में पुलिस ने रजिता और शिवकुमार को गिरफ्तार कर लिया है और जांच जारी है।पुलिस ने इस घटना का खुलासा करते हुए बताया कि रजिता और शिवकुमार की मुलाकात कुछ महीने पहले उनकी 10वीं कक्षा के बैच के रीयूनियन में हुई थी। रजिता का विवाह 2013 में चेन्नैया से हुआ था, जो उनसे उम्र में काफी बड़े (50 वर्ष) हैं। माना जा रहा है कि दोनों के बीच उम्र का अंतर और आपसी झगड़े भी इस दूरी का कारण बने। छह महीने पहले रीयूनियन में अपनी पुरानी सहपाठी शिवा से मिलने के बाद, रजिता का पुराना प्यार फिर से जाग उठा।बताया जा रहा है कि रजिता और शिवा का रिश्ता इतना गहरा हो गया कि उन्होंने शादी करने का फैसला कर लिया। अपनी नई जिंदगी की शुरुआत के लिए, रजिता ने अपने बच्चों को रास्ते से हटाने का फैसला किया। शिवा ने रजिता के सामने शर्त रखी थी कि वह अपने बच्चों से अलग होने पर ही उससे शादी करेगा। इस शर्त को पूरा करने के लिए रजिता ने अपने बच्चों की हत्या की योजना बनाई और 27 मार्च की शाम को शिवा को इसकी जानकारी दी, जिस पर वह सहमत हो गया।

# 51 साल की मलाइका अरोड़ा ने कैमरे के सामने गिराई हुस्न की बिजलियां, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख हैरत में पड़े फैंस



बॉलीवुड की फिटनेस और फैशन क्वीन मलाइका अरोड़ा आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस भले ही इन दिनों किसी फिल्म में नहीं नजर आ रही हैं, लेकिन वो आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच लेती हैं। अब हाल ही में मलाइका अरोड़ा ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं, जिसमें वो काफी गॉर्जियस नजर आ रही हैं।एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा हमेशा अपनी हॉटनेस और बोल्डनेस से फैंस के बीच लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से छाने लगता है। बता दें कि एक्ट्रेस बॉलीवुड की सबसे फिट लेडी हैं और आए दिन अपनी तस्वीरों से फैंस का अटेंशन अपनी ओर खींच लेती हैं।बता दें कि एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा भले ही 51 साल की हो चुकी हैं, लेकिन अभी भी अपनी हॉटनेस से इंटरनेट का तापमान बढ़ा देती हैं।अब हाल ही में मलाइका अरोड़ा ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका सिजलिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से मंत्रमुग्ध हो गए हैं।मलाइका अरोड़ा की लेटेस्ट तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने ब्लैक कलर का बेहद ही स्टाइलिश आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।बालों का स्टाइलिश लुक में बन बनाकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से कंप्लीट किया है। उनका ये कातिल अवतार इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लग गया है।बता दें कि मलाइका अरोड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। मलाइका अरोड़ा जब भी अपनी फोटोज अपलोड करती है तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं।

## सलमान खान के द बॉलीवुड बिग वन टूर से प्रशंसक निराश

सलमान खान इन दिनों फिल्म सिकंदर को लेकर चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म ईद के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल दिखाती नहीं दिख रही है।

अब इस बीच सलमान ने अपने नए टूर का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम द बॉलीवुड बिग वन है। हालांकि, भाईजान के प्रशंसक उनके इस टूर से निराश हैं।

आइए आपको इसके पीछे का कारण बताते हैं। सिकंदर ने सलमान के फैंस को काफी निराश किया है। सोशल मीडिया पर उनके प्रशंसकों का दुख साफ झलकता है।सलमान के प्रशंसक उनसे अच्छी फिल्मों की मांग कर रहे हैं। इतना ही नहीं, भाईजान के प्रशंसकों का मानना है कि उन्हें सही स्क्रिप्ट और निर्देशक चुनने की जरूरत है। एक ने लिखा, भाई ऐसे टूर में समय बर्बाद मत करो। एक लिखते हैं, ये सब छोड़ो, कोई अच्छा निर्देशक चुनें, जो आपको बेहतर तरीके से पेश करना जानता हो। एक प्रशंसक ने सलमान की सेहत की चिंता करते हुए लिखा, भाई सारी चीजों को छोड़ो और आराम करो अपनी सेहत पर ध्यान दो।

# फैशन आकर्षक के साथ कंफर्टेबल भी होना चाहिए : नुपुर सेनन

गायिका और अभिनेत्री नूपुर सेनन लैक्मे फैशन वीक 2025 में शामिल हुई। उन्होंने बताया कि गर्मियों के मौसम में खुद को कूल कैसे रखें। इसके साथ ही उन्होंने महिलाओं को फैशन के बारे में टिप्स भी दिए।

अभिनेत्री ने बताया, मुंबई में गर्मियों में आइसक्रीम की जरूरत होती है। तो निश्चित रूप से मैग्नम आइसक्रीम आपको खाना चाहिए। मुझे लगता है कि गर्मियों में आप भले ही पसीना बहाएं, मगर नियमित वर्कआउट करते हैं और उसके साथ अपने मौज-मस्ती को भी जारी रखते हैं, तो भले ही गर्मी है, आप उस समय मैग्नम ब्लॉसम खा सकते हैं और खुद को कूल भी रख सकते हैं।

मनपसंद आइसक्रीम का खुलासा करने के बाद, अभिनेत्री ने बताया कि उन्हें मुंबई का कौन सा स्ट्रीट फूड पसंद है। उन्होंने कहा, मैं मुंबई में रहती हूं और मुझे मुंबई का बॉम्बे सैंडविच सबसे ज्यादा पसंद है, जिसमें आलू और कुछ चटनी होती है।

अभिनेत्री ने अपने खुद के क्लॉथ ब्रांड के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा, मेरे पास अपना खुद का कपड़ों का ब्रांड है, जिसका नाम लेबल नोवो है। कोई भी स्टार्टअप कंपनी मुझसे जुड़ सकती है।



अभिनेत्री ने फैशन के बारे में भी अपने विचार रखे। उन्होंने बताया, मेरा विचार फैशन को लेकर स्पष्ट है, जो हमेशा आपको फैशनेबल के साथ आकर्षक भी बनाए, लेकिन वह कंफर्टेबल भी होना चाहिए। मैं अपने फैशन के जरिए हर महिला को और भी ऑप्शन देना चाहती हूं।किसी खास इवेंट के लिए पहनावा और स्टाइल के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मैं अपने फैशन को पूरी तरह से स्टाइलिस्ट पर नहीं छोड़ती। स्टाइलिस्ट आपकी मदद करते हैं, वे आपके फिगर स्टाइलिंग को बेहतर ढंग से समझते हैं, लेकिन मैं फैशन के साथ कंफर्ट और स्टाइल को साथ में लेकर चलती हूं।

इसके साथ ही, अभिनेत्री ने अपने प्रशंसकों के लिए फैशन को लेकर एक संदेश भी दिया। उन्होंने कहा, आप जैसे हैं, वैसे ही रहें। किसी को भी अपने फैशन को एक प्रकार के रूप में परिभाषित न करने दें और उन ब्रांड्स से खरीदारी करें जो आपको आपके हिसाब से फैशन में ढाल सकें।

## टीजर ने मचाया धमाका, अब 7 अप्रैल को रिलीज होगा इमरान हाशमी की फिल्म ग्राउंड जीरो का ट्रेलर




एक्सेल एंटरटेनमेंट अपनी अपकमिंग एक्शन थ्रिलर 'ग्राउंड जीरो' के साथ एक बेहतरीन बहादुरी और जज़्बे की कहानी लेकर आ रहा है. फिल्म में इमरान हाशमी बीएसएफ डिप्टी कमांडेंट नरेंद्र नाथ दुबे के दमदार किरदार में नजर आएंगे, जिन्होंने एक गुप्त मिशन को अंजाम दिया था, जिसने इतिहास की दिशा बदल दी. 2015 में इस मिशन को बीएसएफ के पिछले 50 सालों में सबसे बेहतरीन मिशन के रूप में सम्मानित किया गया था. फिल्म का जबरदस्त टीजर पहले ही धमाल मचा रहा है और अब मेकर्स एक और बड़ा धमाका करने के लिए तैयार हैं. जल्द ही मच अवेटेड ट्रेलर रिलीज किया जाएगा, जो दर्शकों की एक्साइटमेंट को डबल कर देगा.रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'ग्राउंड जीरो' का मच अवेटेड ट्रेलर 7 अप्रैल 2025 को एक ग्रैंड इवेंट में लॉन्च किया जाएगा. इस खास मौके पर इमरान हाशमी, साई ताम्हणकर, प्रोड्यूसर रितेश सिधवानी, डायरेक्टर तेजस देओस्कर और जोया अख्तर मौजूद रहेंगे. फिल्म में शानदार स्टारकास्ट भी शामिल है, जिसमें साई ताम्हणकर, जोया हुसैन, मुकेश तिवारी, दीपक परमेश, ललित प्रभाकर, रॉकी रैना और राहुल वोहरा अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे.2001 में हुए भारतीय संसद हमले की पृष्ठभूमि पर बनी यह फिल्म बीएसएफ डिप्टी कमांडेंट नरेंद्र नाथ दुबे और उनकी टीम की कहानी दिखाएगी, जो इस हमले के मास्टरमाइंड गाजी बाबा का पर्दाफाश करते हैं. ट्रेलर में एक जबरदस्त थ्रिलर झलक मिलेगी, जो दर्शकों को इस सच्ची घटना से जुड़ी रोमांचक कहानी का अहसास कराएगी.

# अक्षय कुमार की केसरी चैप्टर 2 का ट्रेलर रिलीज, जलियांवाला बाग कांड का खौफनाक मंजर देख कांप उठेगी रूह



केसरी चैप्टर 2: द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ जलियांवाला बाग का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर रिलीज किया गया है. इसमें भारत की सबसे महत्वपूर्ण कानूनी लड़ाइयों में से एक की कहानी की झलक दिखाई गई है. सच्ची घटनाओं से प्रेरित यह फिल्म जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद की स्थिति और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और वकील सी शंकरन नायर के नेतृत्व में न्याय की लड़ाई को दर्शाती है.गुरुवार को फिल्म मेकर करण जौहर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर केसरी चैप्टर 2 का दमदार ट्रेलर अपलोड किया है और कैप्शन में लिखा है, एक आदमी, उसका साहस, उसके शब्द - जिसने पूरे साम्राज्य को हिलाकर रख दिया, अब तक बोले गए सबसे चौंकाने वाले झूठ को उजागर करें, हमारे इतिहास के सबसे काले अध्याय को उजागर करें, जलियांवाला बाग त्रासदी के पीछे की सच्चाई को उजागर करें, केसरी चैप्टर 2 - ट्रेलर आउट. सिनेमाघरों में, 18 अप्रैल को.ट्रेलर में अनन्या पांडे को दिलरीत गिल के रूप में पेश किया गया है, जो एक महिला बैरिस्टर है जो सत्य की खोज में नायर का साथ देती है, जबकि आर माधवन नेविल मैककिनले के रूप में दिखाई देते हैं. उन्हें एक ट्रैलेंटेड एडवोकेट के रूप में संबोधित किया जाता है. उन्हें आर माधवन के खिलाफ खड़ा किया गया है, जो अंग्रेजों का बचाव करने वाले वकील हैं.

## काला जादू और खौफ से भरा छोरी 2 का भूतिया ट्रेलर रिलीज, चीख-चिल्लाहट खड़े कर देगी रोंगटे

नुसरत भरूचा और सोहा अली खान स्टारर हॉरर सुपरनैचुरल ड्रामा फिल्म छोरी 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है. छोरी 2 का भूतिया ट्रेलर रोंगटे खड़े कर देने वाला है. छोरी 2 का निर्देशन विशाल फुरिया ने किया है. नुसरत के किरदार का नाम साक्षी है और सोहा अली खान डरावने किरदार में दर्शकों का पसीना छुड़ाएंगी. एबंडेंशिया एंटरटेनमेंट बैनर तले फिल्म 11 अप्रैल को अमेजन प्राइम वीडियो पर देखने को मिलेगी.छोरी 2 का ट्रेलर दर्शकों को डरावनी दुनिया की सैर करा रहा है. ट्रेलर का एक पंच डायलॉग राजा ने छोरा चाहिए था ने समाज के कड़वे सच को सामने लाकर रख दिया है. छोरी 2 एक अंधविश्वास और काला जादू-टोना पर बेस्ड है. इसकी कहानी में एक मां अपने बच्चे को बचाने के लिए जद्दोजहद करती नजर आएंगी. ट्रेलर के कुछ सीन दर्शकों के रोंगटे खड़े करने वाले हैं. ट्रेलर में गश्मीर महाजनी, सौरभ गोयल और पल्लवी अजय जैसे एक्टर्स भी नजर आ रहे हैंजो कहानी को और भी थ्रिलर बनाने वाले हैं.

# क्या है फेस पुल एक्सरसाइज और इसे कैसे करें?



फेस पुल एक्सरसाइज आपके कंधों और पीठ के ऊपरी हिस्से को मजबूत बनाने में मदद करती है। इसे करने के लिए आपको एक रस्सी या बैंड की जरूरत होती है, जिसे आप अपने सिर के ऊपर से खींचते हैं।

यह कसरत न केवल आपके कंधों को मजबूत बनाती है, बल्कि आपकी मुद्रा को भी सुधारती है और पीठ के निचले हिस्से पर दबाव कम करती है।

आइए फेस पुल से जुड़ी अहम बातें जानते हैं।

फेस पुल एक्सरसाइज करने का तरीका

फेस पुल एक्सरसाइज करने के लिए सबसे पहले एक रस्सी या बैंड को अपने सिर के ऊपर से बांधें। अब दोनों हाथों से रस्सी को पकड़ें और धीरे-धीरे इसे अपने चेहरे की ओर खींचें। जब आपकी हथेलियां आपके चेहरे के पास आएं तो थोड़ी देर रुके और फिर वापस शुरू की स्थिति में आ जाएं। इस प्रक्रिया को कई बार दोहराएं। ध्यान रखें कि आपके कंधे पीछे की ओर खिंचे हुए होने चाहिए और पीठ सीधी रखनी चाहिए।

### नियमित रूप से फेस पुल एक्सरसाइज करने के फायदे

फेस पुल एक्सरसाइज नियमित रूप से करने से कई फायदे मिल सकते हैं। इससे आपके कंधों की मांसपेशियां मजबूत होती हैं और पीठ की मांसपेशियों पर दबाव कम होता है।इसके अलावा यह कसरत आपकी मुद्रा को सुधारती है और गर्दन के दर्द को कम करने में भी मदद करती है।

इससे आपके कंधों और पीठ की लचीलापन बढ़ती है, जिससे चोट लगने का खतरा कम होता है।

### एक्सरसाइज करते समय रखी जाने वाली सावधानियां

फेस पुल एक्सरसाइज करते समय कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए।


अगर आपको पहले से ही कंधे या पीठ में दर्द हो रहा हो तो इस कसरत को न करें।इसके अलावा कभी भी ज्यादा वजन उठाने की कोशिश न करें क्योंकि इससे चोट लगने का खतरा बढ़ सकता है।

सही तरीका अपनाना बहुत जरूरी है ताकि किसी भी प्रकार की चोट से बचा जा सके और अधिकतम लाभ प्राप्त किया जा सके।

### अन्य कसरत के साथ फेस पुल कैसे शामिल करें?

फेस पुल एक्सरसाइज को अन्य कसरत के साथ मिलाकर करना सबसे अच्छा तरीका है, जिससे आपको सम्पूर्ण लाभ मिल सके।आप इसे डेडलिफ्ट, स्क्वाट और बेंच प्रेस जैसी खास कसरत के साथ जोड़ सकते हैं ताकि आपके पूरे शरीर की मांसपेशियां सक्रिय रहें।इस प्रकार फेस पुल एक्सरसाइज आपके कंधों और पीठ के लिए बहुत फायदेमंद साबित हो सकती है।इसे नियमित रूप से अपनी फिटनेस दिनचर्या में शामिल करें और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं।

# पहली बार मेकअप किट खरीदने जा रही हैं तो इन 5 बातों पर जरूर दें ध्यान




मेकअप किट हर महिला की खूबसूरती को निखारने में मदद करती है। पहली बार मेकअप किट खरीदते समय कई सवाल और उलझनें होती हैं।इस लेख में हम आपको कुछ जरूरी टिप्स देंगे, ताकि आपकी पहली मेकअप किट खरीदारी आसान हो सके।सही सामान का चयन कैसे करें, बजट कैसे तय करें और किन चीजों पर ध्यान देना चाहिए, इन सभी सवालों के जवाब जानने के लिए आगे पढ़ें।

### सही सामान का चयन करें

पहली बार मेकअप किट खरीदते समय सबसे अहम कदम सही सामान का चयन करना है। अपने त्वचा के प्रकार और रंग के अनुसार सामान चुनें। अगर आपकी त्वचा तैलीय है तो बिना तेल वाले फाउंडेशन और पाउडर लें। सूखी त्वचा वालों के लिए क्रीम वाले प्रोडक्ट्स बेहतर होते हैं।इसके अलावा अगर आपकी त्वचा पर दाग-धब्बे हैं तो कंसीलर और फाउंडेशन का सही रंग चुनें, जो आपके रंग से मेल खाता हो।

### बजट तय करें

मेकअप किट खरीदते समय बजट तय करना बहुत जरूरी होता है। इससे आपको अपनी जरूरत के अनुसार सामान खरीदने में आसानी होगी और बिना वजह के खर्च से बच सकेंगी।

पहले से ही तय करें कि आपको कितने पैसे खर्च करने हैं और उसी अनुसार खरीदारी करें। इससे आपकी पहली मेकअप किट खरीदारी आसान और व्यवस्थित होगी।

इसके अलावा आप अपने बजट में रहते हुए अच्छे गुणवत्ता वाले सामान चुन सकती हैं, जो आपकी त्वचा के लिए सही हों।

### बेस मेकअप सामान पर ध्यान दें

बेस मेकअप सामान जैसे फाउंडेशन, कंसीलर, प्राइमर और पाउडर पर खास ध्यान दें।फाउंडेशन आपकी त्वचा के रंग से मेल खाना चाहिए ताकि आपका चेहरा एकसार लगे। कंसीलर का उपयोग आंखों के नीचे के काले घेरे और दाग-धब्बों को छिपाने के लिए किया जाता है।

प्राइमर त्वचा को मुलायम बनाता है और पाउडर मेकअप को टिकाऊ बनाने में मदद करता है। इन सभी बेस सामान का सही चयन आपके मेकअप लुक को शानदार बना सकता है।

### आंखों और होंठों का ध्यान रखें

आंखों और होंठों का मेकअप भी बहुत अहम होता है।

इसके लिए आईलाइनर, मस्कारा, आईशैडो और लिपस्टिक जरूर शामिल करें। आईलाइनर आपकी आंखों को गहरा दिखाता है जबकि मस्कारा पलकों को घना बनाता है।

आईशैडो से आपकी आंखों की खूबसूरती बढ़ती है। लिपस्टिक आपके होंठों को रंग देती है और आपके पूरे लुक को पूरा करती है।

इन सभी चीजों का सही उपयोग करके आप अपने मेकअप लुक को और भी आकर्षक बना सकती हैं।

### मेकअप ब्रश और लगाने वाले उपकरण लेना न भूलें

अच्छा मेकअप करने के लिए सही उपकरण होना बहुत जरूरी है इसलिए मेकअप ब्रश और लगाने वाले उपकरण लेना न भूलें।

ये उपकरण आपके मेकअप को सही तरीके से लगाने में मदद करेंगे और आपके लुक को पेशेवर जैसा बनाएंगे।

इन सरल टिप्स को अपनाकर आप अपनी पहली मेकअप किट खरीदारी को आसान बना सकती हैं और सही सामान का चयन कर सकती हैं, जो आपकी त्वचा के लिए सही हों।

# नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव की अध्यक्षता में परिषद की बैठक में 37880 रुपए का बचत का बजट पारित

**126 करोड़ रुपए से अधिक के होंगे विकास कार्य, सर्वांगीण विकास का बजट- नीतू यादव**
**कोई अतिरिक्त कर नहीं लगाया, अवैध होर्डिंग हटाने का लिया निर्णय**



नर्मदापुरम (निप्र)। नगर पालिका का 2025-26 का बजट नगर पालिका के सभागार में पेश हुआ। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव की अध्यक्षता पार्षदों की उपमस्थिति में मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले की मौजूदगी में बजट पेश किया गया। बजट से पूर्व विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही ऐसे कालोनाइजर जो कालोनी में समय सीमा में विकास कार्य नहीं करते हैं उनके लाइसेंस निरस्त किए जाने के निर्णय लिए गए। नगर से अवैध होर्डिंग्स हटाए जाएंगे। काम नहीं करने वाले नपा कर्मचारियों की सेवा समाप्त की जाएंगी। बैठक में 37 हजार 880 रुपए की बचत का बजट पारित हुआ। बैठक में उपाध्यक्ष अभय वर्मा, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, नेता प्रतिपक्ष अनोखे लाल राजोरिया, कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी और उपयंत्री उपस्थित रहे। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि कुल अनुमानित आय 126, 69, 22, 380 रुपए में से 126, 68, 84, 500 रुपए के विकास कार्य नगरपालिका द्वारा विभिन्न मदों के माध्यम से किए जाएंगे। इस तरह यह बजट 38 हजार 880 रुपए की बचत का बजट है।

### 162 विषयों पर हुई चर्चा

मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले ने बताया कि पहले पीआईसी की बैठक हुई और उसके बाद परिषद की बैठक सहित 162 विषयों पर चर्चा हुई जिसमें सभी प्रस्तावों को ध्वनिमत से पारित किए गए। सभी प्रस्ताव नगर विकास से संबंधित हैं।

### अवैध कालोनाइजर्स के लाइसेंस होंगे निरस्त

अवैध कालोनाइजर्स से समूचा नर्मदांचल परेशान हैं। वहां रहे नागरिकों को सुविधा मुहैया कराने के लिए नगरपालिका परिषद द्वारा एक प्रस्ताव पारित कर लाइसेंस निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। नगर में विकसित हो रही कालोनियों में अगर कालोनाइजर पूर्ण विकास के कार्य नहीं करेंगे तो उनके लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे। लाइसेंस जब तक निरस्त रहेंगे तब तक उक्त कालोनी में कालोनाइजर विकास कार्य पूर्ण नहीं कर लेते।

### कचरा निपटान के लिए किराए पर लेंगे जमीन

नेता प्रतिपक्ष अनोखे राजोरिया द्वारा ट्रेचिंग ग्राउंड का मामला उठाया गया। परिषद की बैठक में चर्चा हुई कि र्टेचिंग ग्राउंड में कचरा एकत्रितकरण को लेकर परेशानी हो रही है। इसलिए नगरपालिका परिषद कचरे के लिए जमीन किराए पर लेगी तथा वहां कचरा निपटान किया जाएगा।

### बीएसएनएल चौक का नाम परशुराम चौक करने की मांग रखी

कार्यालय अधीक्षक श्री सोनी ने बताया कि परिषद की बैठक में ब्राह्मण समाज की ओर पार्षद राजेंद्र उपाध्याय, ऋचा जीतू तिवारी और संतोष उपाध्याय द्वारा बीएसएनएल चौक का नाम भगवान परशुराम चौक करने की मांग आवेदन के माध्यम से की गई।

### अवैध होर्डिंग्स हटेंगे

बारिश पूर्व आंधी और तेज हवा से गिरने वाले अवैध होर्डिंग्स हटाए जाएंगे। जिससे कि किसी भी प्रकार की घटना न हो।

### सर्वाग्रीण विकास वाला बजट

आज परिषद की बैठक में नपा का बजट पेश किया गया। जो कि सर्वाग्रीण विकास वाला बजट है। समूचे नगर में विकास कार्यों के साथ ही मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखा गया है।

सभी वार्डों में सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ कार्य किए जाएंगे। जिससे कि नागरिकों को हरेक प्रकार की सुविधा मिल सके।

जल संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल

# जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कुओं और तालाबों का मरम्मतीकरण कार्य संपन्न



नर्मदापुरम (निप्र)। मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल स्त्रोतों के संरक्षण व पुनर्जीवन के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जनपद पंचायत केसला की ग्राम पंचायत पीपलढाना में कूप मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस कार्य से ग्रामीणों को पेयजल एवं सिंचाई के लिए जल उपलब्धता में सुधार होगा।इसी के साथ, ग्राम पंचायत चांदकिया में लोहरकुंड तालाब में सफाई एवं जल संरक्षण का कार्य किया गया, जिससे वर्षा जल संचयन को बढ़ावा मिलेगा और जल स्तर में सुधार होगा। उक्त प्रयास से जल संकट की स्थिति से निपटने, पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और ग्रामीण जीवन को सशक्त बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। इन कार्यों में स्थानीय जनसहयोग और जागरूकता की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण रही।

# सनातन काल गणना वैज्ञानिक और व्यापक है- आचार्य अरविन्दाचार्य

**समेरिटंस पाक्षिक काल गणना पत्रक का विमोचन**

नर्मदापुरम (निप्र)। हमारी काल गणना अति प्राचीन और व्यापक है। हम एक क्षण से लेकर करोड़ों वर्ष की गणना अपने काल पत्रक और पंचांग के माध्यम से कर सकते हैं। समेरिटंस विद्यालय परिवार द्वारा सनातन कैलेंडर निकालने का कार्य बहुत ही सराहनीय और कालजयी है। यह बात मध्यप्रदेश कथा व्यास मंच के प्रदेश अध्यक्ष आचार्य अरविन्दाचार्य ने विद्यालय में शुक्रवार को सनातन पाक्षिक काल पत्रक के विमोचन के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि संस्कृति की रक्षा और संवर्धन की दिशा में हो रहे प्रयासों के आधार पर कहा जा सकता है कि डा आशुतोष शर्मा संस्कृति पुरुष हैं। कार्यक्रम में धर्माचार्य डॉ गोपाल प्रसाद खड्डुर ने कैलेंडर को बहुत ही



श्रेष्ठ पहल बताया। उन्होंने कहा कि इससे वर्तमान पीढ़ी संस्कृति से जुड़ सकेगी। कार्यक्रम को प्रकाशचंद्र उपाध्याय ने भी संबोधित किया। डायरेक्टर डा आशुतोष शर्मा ने कहा कि इस तरह की रचनात्मक प्रयास आगे भी जारी रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद शर्मा ने और आभार प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत ने किया। कार्यक्रम के बाद अतिथियों ने विद्यालय की लाइब्रेरी का भी अवलोकन किया।

कार्यक्रम में आरके रघुवंशी, विक्रांत खंपरिया आदि भी उपस्थित रहे।

**सभी शाखाओं में विमोचन**

पाक्षिक काल गणना पत्रक का विमोचन एक साथ विद्यालय की सभी शाखाओं में किया गया। जुमेराती में प नितेंद्र चौबे, सोहागपुर में गुरुजी मुद्गल महाराज और अभिषेक जैन, पिपरिया में बीके शेलम दीदी, आचार्य राकेश भार्गव, आचार्य मुकेश भार्गव, बायां में संस्कृत आचार्य जयेंद्र त्रिपाठी झारखंड, राकेश पाठक, इटारसी में आचार्य विनय व्यास, पीटीए अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद प्रजापति, सिवनी मालवा में प केशव दुबे वृंदावन, आचार्य रामकुमार और माखन नगर विद्यालय में समाजसेविका सरला माहेश्वरी द्वारा कैलेंडर का विमोचन किया गया।

### विद्यालयों में विषय समूहों के चयन हेतु दसवीं कक्षा के अंकों के आधार पर प्रवेश की प्रक्रिया के संबंध में दिशा-निर्देश जारी

नर्मदापुरम (निप्र) जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम एसपीएस बिसेन ने बताया कि विद्यालयों में कक्षा 11वीं में विषय समूहों के चयन हेतु छात्रों के प्रवेश के संबंध में यह निर्देश दिये गये है कि प्रत्येक विद्यालय में उपलब्ध विषय समूहों में प्रवेश केवल कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर ही दिया जाए। उन्होंने बताया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि छात्रों को उनकी योग्यता और उपलब्ध सीटों के अनुसार उचित विषय समूहों में प्रवेश प्रदान किया जाए। यदि किसी विद्यालय के पास इस निर्देश से भिन्न कोई वैधानिक आदेश या नियम मौजूद है, तो वह तीन कार्य दिवसों के भीतर संबंधित दस्तावेज़ कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम में प्रस्तुत करें।

# स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र अभिनव शर्मा का फुटबॉल प्री.नेशनल कोचिंग कैंप के लिए हुआ चयन





नर्मदापुरम (निप्र)। स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रतिभाशाली छात्र अभिनव शर्मा ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का परिचय देते हुए फुटबॉल प्री.नेशनल कोचिंग कैंप में स्थान प्राप्त कर विद्यालय और नर्मदापुरम का नाम रोशन किया है। कक्षा 7 वीं में अध्ययनरत 14 वर्षीय अभिनव ने बालक वर्ग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर यह गौरव हासिल किया। छात्र नर्मदापुरम संभाग की टीम से चयनित हुआ है। इस प्रतियोगिता का आयोजन खंडवा जिले के खालवा शहर में किया गया था। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन, शिक्षकगण और परिजनों ने हर्ष व्यक्त किया है। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती मोना चटर्जी ने अभिनव को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि उनकी यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। अभिनव के स्कूल प्रशिक्षक गोविंदा झारखंडे ने भी उनके समर्पण और मेहनत की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# चंद्रपुरा माइनर नहर में मिट्टी हटाने व मरम्मतीकरण का कार्य संपन्न



नर्मदापुरम (निप्र)। मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत तवा नहर संभाग, सिवनी मालवा क्षेत्र में जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में चंद्रपुरा माइनर नहर की मिट्टी हटाने और मरम्मतीकरण का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। इस कार्य का उद्देश्य नहर में जल प्रवाह को सुचारु बनाना एवं सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करना है, जिससे किसानों को पर्याप्त पानी मिल सके और कृषि उत्पादन में वृद्धि हो।

# सर्वश्रेष्ठ एनसीसी केडिट्स अवार्ड मिला समेरिटंस के लक्ष्य को



नर्मदापुरम (निप्र)। समेरिटंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल नर्मदापुरम के होनहार एनसीसी केडिट्स कार्पोरल लक्ष्य भार्गव को सन 2024 -2025 का सर्वश्रेष्ठ एनसीसी केडिट्स अवार्ड आज 13 एमपी बटालियन में सूबेदार मेजर मोहर सिंह सेकेंड आफिसर एएनओ विजय प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा चेक प्रदान कर सम्मानित किया। उन्हें ये सम्मान थल सेना कैंप नई दिल्ली में फायरिंग में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर संस्था निर्देशक डॉ आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत, एनसीसी मैनेजर प्रदीप यादव, विक्रांत खंपरिया, आर के रघुवंशी,सचिन खंपरिया,स्नेहा उपाध्याय एवं उनके साथी एनसीसी केडिट्स ने प्रसन्नता व्यक्त कर बधाई शुभकामनाए दी।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मानव श्रृंखला बनाकर जल संरक्षण का संदेश दिया

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, नर्मदापुरम द्वारा जिले भर में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत फेफरताल में जल संरक्षण और संवर्धन के प्रति जनजागरूकता फैलाने हेतु मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में वॉलिंटियर्स एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया और जल की एक-एक बूंद को बचाने का संकल्प लिया।

# किसान भाई परिश्रम की मूर्ति हैं: सोनिया मीना



नर्मदापुरम (निप्र)। मुख्य अतिथि कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना एवं मंचाआसीन जनप्रतिनिधिगणों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना द्वारा उपस्थित किसानों को संबोंधित करते हुए बताया कि हमारा गांव व भूमि हमारा दायित्व है किसान भाई परिश्रम की मूर्ति है उन्होंने कहा कि जिला नर्मदापुरम की पहचान जंगलों, पहाडों, प्राकृतिक सौंदर्य, माँ नर्मदा नदी का प्रवाह, कृषि अग्रणी जिला व उत्पादकता के मामले में अग्रसर जिले के रूप में है। अत्यधिक मात्रा में रसायनों का उपयोग करने से फसलों का मूल्य अधिक की बजाय कम प्राप्त हो रहा है साथ ही हमारा क्षेत्र अब पौष्टिक मूंग की जगह जहरीली मूंग के लिए पहचाना जा रहा है। हमारा जिला कैंसर के मामलों में भी अग्रणी होता जा रहा है। हमारा प्रयास आपको सहयोग तथा शासन की योजनाओं का लाभ देने का हैं। उन्होंने कहा कि नरवाई जलाने के कारण हम आज हम मध्यप्रदेश में अग्रणी हो गए हैं, जो एक चिंता का विषय है। इस दिशा में हमें विचार करने की आवश्यकता है कि कैसे हम इसे बेहतर कर सकते हैं ताकि नरवाई प्रबंधन में भी आगामी दिनों में हम अग्रणी जिले के रूप में पहचान हासिल कर सकें। साथ ही नरवाई जलाने को लेकर उत्पन्न भ्रामिकता से भी कैसे बचें इस ओर भी हमें सोचना होगा। विभागीय व तकनीकी सलाह के साथ एवं कृषक अपने स्वयं के अनुभव को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करें जिसका लाभ वे गुणवत्ता युक्त उत्पादन के रूप में प्राप्त कर सके। जिले के प्रगतिशील कृषकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए जिले के अन्य कृषकों को भी उनके अनुभवों व तरीकों से प्रेरित होकर सफलता की अग्रसर होने की बात की। उन्होंने किसानों को परिश्रम की मूर्ति के रूप में बताया साथ ही मेहनत व परिश्रम से सकारात्मक परिणाम हासिल करने की बात साझा की। कार्यक्रम में एस.डी.एम इटारसी टी.प्रतीक राव, उपसंचालक कृषि जे. आर. हेडाऊ, विधायक प्रतिनिधी ब्रजकिशोर पटेल, उपसंचालक उद्यानिकी श्रीमति रीता उईके, सहायक कृषि यंत्री चंदनसिंह बरकडे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमति ज्योतसना पटेल, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमति अर्चना मेहतो, श्रीमति कलाबाई कुमरे संरपंच ग्राम पंचायत जमानी, सुखराम कुमरे जनपद सदस्य ग्राम जमानी , कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर विनोद बेडा, कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर के.के. मिश्रा कृषि महाविद्यालय पवारखेडा, सहायक संचालक कृषि राजीव यादव, चेतन मातिखाये सहित प्रगतिशील किसान हेमंत दुबे ग्राम जमानी, रूपसिंह राजपूत ग्राम रोहना, राकेश गौर ग्राम धरमकुण्डी, श्रीमति शिवलता मेहता, साहबलाल मेहता ग्राम पथरोटा, कृषि विभाग के समस्त शासकीय सेवक एवं जिला नर्मदापुरम के विभिन्न विकासखंडों से आए हुए किसान बंधु उपस्थित रहे।

### ओपन शतरंज चैम्पियनशिप का शुभारंभ

सीहोर, ( निप्र)। जिला शतरंज संघ द्वारा डॉ एस. एस. तोमर के सहयोग से 5 अप्रैल, 2025 को स्व. श्रीमती रेखा तोमर की स्मृति में ओपन शतरंज चैम्पियनशिप, 2025 का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का प्रातः 10 बजे पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में शुभारंभ जाएगा। इस मौके पर एडिशनल पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुनीता रावत भी उपस्थित रहेंगी। जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह सिसौदिया और सचिव महेन्द्र व्यास ने बताया कि ओपन शतरंज चैम्पियनशिप इंदौर-भोपाल बायपास रोड, नायरा पेट्रोल पंप के सामने सीहोर स्थित एमराल्ड पैलेस में आयोजित की जा रही है।

### जनस्वास्थ्य के हित में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की सतत कार्यवाही

नर्मदापुरम (निप्र)। जनमानस के स्वास्थ्य को दृष्टिगत देते हुए कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार खाद्य विभाग द्वारा सतत निगरानी एवं कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 4 अप्रैल 2025 को खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश एस. दियावार द्वारा नर्मदापुरम स्थित गुप्ता ग्राउंड चाट चौपाटी में निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान सभी स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि खाद्य पदार्थों को ढक कर सुरक्षित रूप से रखा जाए, भोजन बनाने में अखबार का प्रयोग न किया जाए, खाद्य सामग्रियों के निर्माण के दौरान केप एवं एप्रन का उपयोग किया जाए तथा खाद्य उत्पादों पर वैधता तिथि अंकित की जाए। कार्यवाही के दौरान मीनाक्षी चौक स्थित राजस्थान स्वीट्स की भी जांच की गई एवं नोटिस जारी किया गया। इसके साथ ही सभी खाद्य व्यवसायियों को परिसरों की स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।


**पश्चिम मध्य रेल**

खुली ई-निविदा सूचना दिनांकः 03.04.2025

वरिष्ठ मंडल अभियंता/सम./पश्चिम मध्य रेल भोपाल, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक को 15:30 बजे तक ई-टेंन्डर आमंत्रित करते है। संपुर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बधित पूर्ण जानकारी वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है, एवं मण्डल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल भोपाल के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। इस टेन्डर के लिये कोई मॅन्युअल ऑफर मान्य नहीं है। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरूरी हो, तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा, तथा मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगाया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। निविदाकारों से निवेदन है, कि वह जीएसटी कानून 2017 के प्रावधानों के अनुसार अपने दर तथा निविदाए प्रस्तुत करें। **NIT No.:** 24-25-C-38-150, **Date:** 31.03.25, **Name of work including Location:** भोपाल मंडल- सहायक मंडल अभियंता/अनु./भोपाल के सेक्शन में ए) वरि. अनिभाग अभियंता/पीवे/नर्मदापुरम के अधीन ट्रेक कार्यों के विविध मरम्मत तथा अनुरक्षण कार्य । बी) वरि. अनुभाग अभियंता/पीवे/दक्षिण/भोपाल के अधीन ट्रेक कार्यों के विविध मरम्मत तथा अनुरक्षण कार्य। सी) वरि. अनुभाग अभियंता/पीवे/उत्तर/भोपाल के अधीन ट्रेक कार्यों के विविध मरम्मत तथा अनुरक्षण कार्य। **Published cost of tender Rs.:** 17844076, **Earnest Money:** 239200, **Completion Period:** 8 माह, **Last date for submitting tender:** 22.04.25. **NIT No.:** 24-25-C-39-151, **Date: 31.03.25, Name of work including Location:** भोपाल मंडल- सहायक मंडल अभियंता/अनु./विदिशा के सेक्शन में ए) वरि. अनिभाग अभियंता/पीवे/दक्षिण/विदिशा के अधीन ट्रेक कार्यों के विविध मरम्मत तथा अनुरक्षण कार्य । बी) वरि. अनुभाग अभियंता/पीवे/उत्तर/विदिशा के अधीन ट्रेक कार्यों के विविध मरम्मत तथा अनुरक्षण कार्य। सी) वरि. अनुभाग अभियंता/पीवे/गंजबासोदा के अधीन ट्रेक कार्यों के विविध मरम्मत तथा अनुरक्षण कार्य। **Published cost of tender Rs.:** 17822850, **Earnest Money:** 239100, **Completion Period:** 8 माह, **Last date for submitting tender: 22.04.25. NIT No.:** 24-25-N-23-152, **Date:** 01.04.25, **Name of work including Location:** भोपाल मंडल- वरि. मंडल अभियंता/उत्तर/भोपाल के अधीन बरेठ से बीना स्टेशन तथा बीच के सभी स्टेशन यार्डस में 130 केएमपीएच सेक्शन में मेटल बीम क्रश बैरियर, कास्ट इत सितु तथा प्रीकास्ट बाउन्ड्रीवॉल सेफटी फेन्सिंग का प्रावधान। **Published cost of tender Rs.:** 264732675, **Earnest Money:** 1473700, **Completion Period:** 10 माह, **Last date for submitting tender: 30.04.25. NIT No.:** 24-25-C-39-147, **Date:** 01.04.25, **Name of work including Location:** भोपाल मंडल- वरि. मंडल अभियंता/मध्य/भोपाल के अधीन बरेठ - भोपाल - नर्मदापुर सेक्शन में मेटल क्रश बैरियर, सेफटी फेन्सिंग तथा बाउन्ड्रीवाल का प्रावधान। **Published cost of tender Rs.:** 6879027863, **Earnest Money:** 3589500, **Completion Period:** 18 माह, **Last date for submitting tender:** 30.04.25. **NIT No.:** 25-26-HQ-01-01, Date: 02.04.25, **Name of work including Location:** भोपाल- सीआरडब्ल्युएस रेलवे कॉलोनी स्थित रहीवासी आवासों के बालकनी, छज्जा, ओवरहेड टेंक वॉल पेंटिंग मिलाकर बाहरी सरफेस तथा अन्य सरफेस के सुधार का कार्य। **Published cost of tender Rs.: 14055398, Earnest Money: 220300, Completion Period:**12 माह, **Last date for submitting tender: 25.04.25.**

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पमरे, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित।*
*स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*